हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

इंदौर में तीसरे टी20 में 18 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक



अभिषेक शर्मा ने 1,024 गेंदों में पूरे किए 2,000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन

इंदौर। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 2,000 रन पूरे कर इतिहास रच दिया है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में तीसरे टी20 मुकाबले के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने महज 1,024 गेंदों में 2,000 रन पूरे किए।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकल टेसी
TATA PLAY पैकल न. 1155 | airtel पैकल न. 366

द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

खबर संक्षेप

देशवासियों को पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश साझा कर मां जगदंबा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां की कृपा राष्ट्र की एकता और प्रगति के संकल्प को और मजबूत करे। एक अन्य संदेश में उन्होंने मां शैलपुत्री के चरणों में नमन करते हुए कहा कि उनकी दिव्य कृपा से सभी के मन में धैर्य और आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित हो।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

कहा-मेट्रो-रेल और इंटरनेट सेवाएं चालू रखें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिरासत 'गलत'

अदालत ने निर्देश दिया कि जहां निषेधाज्ञा लागू नहीं है, वहां शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून की प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए, यदि अदालत परिसर के आसपास धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा से संबंधित बोर्ड हटाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए। अदालत ने मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट सेवा निर्बाध जारी रखने तथा लोगों की आवाजाही में अनावश्यक बाधा नहीं डालने को कहा। साथ ही, यातायात और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अन्य वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा, जंतर-मंतर से करीब चार किलोमीटर दूर तक हिरासत में लिया और जरूरत से ज्यादा बल का इस्तेमाल किया।



वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा और जबरिया बस में बिठाया



दूसरे दिन भी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान युवती को ले जातीं पुलिस

मेट्रो सेवाओं से जुड़े अपने 9 अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी

किस-किस को भेजा गया नोटिस?

शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय गृह सचिव, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

मेट्रो-रेल और इंटरनेट पर पाबंदी नहीं: केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मेट्रो और रेल सेवाओं को पूरी तरह बंद करने के बजाय जरूरत पड़ने पर नियंत्रित किया जा सकता है। प्रतिबंध केवल सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की वास्तविक जरूरत और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होने चाहिए। अदालत ने इंटरनेट सेवाएं भी बिना बाधा जारी रखने को कहा, ताकि लोग हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कर सकें। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि 10 अक्टूबर को दिल्ली मेट्रो की 4,750 ट्रेन सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलाई गईं। उन्होंने कहा कि कुल 303 स्टेशनों में से 47 स्टेशनों पर बंदिशें लगाई गई थीं और शनिवार रात 10 बजे से सभी स्टेशन खुले हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की बड़ी बातें

- जब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बेहद जरूरी न हो, तब तक शहर में बैरिकेड्स न लगाएं
- इंटरनेट सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहें
- लोगों और ट्रैफिक की आवाजाही की अनुमति हो
- मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए, जब तक कि कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को देखते हुए प्रतिबंध लगाने की जरूरत न हो
- कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक की अन्य स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स लगाने के फैसले की तुरंत समीक्षा की जाए।
- सुप्रीम कोर्ट के आसपास के इलाके में धारा 163 लागू करने से संबंधित बोर्ड को हटा दें। ताकि न्यायालय तक पहुंचने में समस्या न हो
- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि अवैध हिरासत नहीं होनी चाहिए। यह सिर्फ कानून के मुताबिक हो।
- बेंच ने निर्देश दिया कि धारा 163 से परे की सीमा में शांतिपूर्ण और निहत्थे जमा हुए लोगों पर कार्रवाई न हो।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक का मार्च कल

खरगे बोले- देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात, आज सीजेआई से मिलेंगे विपक्षी सांसद

हम उनसे कुछ मांग नहीं सकते, केवल हाथ जोड़कर विनती करेंगे



मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी:बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात होने का आरोप लगाया है। खरगे ने कहा कि सरकार विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। हालिया विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती और गिरफ्तारियों को लेकर खरगे ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं। उन्होंने इसे सरकार की घबराहट का संकेत बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के प्रदर्शन से डर रही है।

चुनाव आयुक्त को क्यों दी गई छूट?

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की आलोचना करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान प्रदान की गई कानूनी छूट पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

हिरासत से रिहाई के बाद एक साल तक शांति भंग नहीं करने की शर्त पर अभिजीत दीपके का दावा

कोई बॉन्ड नहीं भरा फिर सड़कों पर उतरेंगे




अभिजीत दीपके

10 अक्टूबर को इस तानाशाही के अंत की शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा

एजेंसी:नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बांड नहीं भरा है, जिसमें प्रदर्शन नहीं करने की शर्त हो। दीपके ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीजेपी के कार्यकर्ता फिर सड़कों पर उतरेंगे। उनका यह बयान उस खबर के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि दिपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को 50 हजार रुपए का मुचलका भरने के बाद रिहा किया गया है।





छोटी पहल भी पैदा कर सकती है बड़ी राष्ट्रीय भावना

पीएम मोदी बोले- युवाओं की आंखों में दिखता है भारत का भविष्य यही आपका समय, यही अवसर

जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री, बड़े सपने देखने और नए विचारों के साथ दुनिया की समस्याओं का समाधान तलाशने का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के चेन्नई में जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से बड़े सपने देखने और देश के भविष्य को लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज तेजी से बदल रहा है और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए विचारों तथा समाधानों की जरूरत है। भारत के युवा न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया का भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा, मुझे आपकी आंखों में भारत का भविष्य दिखता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने भविष्य को बड़े कैनवास पर देखें, क्योंकि यही उनका समय और अवसर है। देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है और युवाओं को अपनी क्षमता पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए।

कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई

भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर

शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़े अवसर



प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश का शिक्षा परिदृश्य तेजी से बदला है। वर्ष 2014 में भारत में करीब 750 विश्वविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो गई है। इसी तरह कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में कई नए आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी खोले गए।

दुनिया की समस्याओं का समाधान दे सकते हैं भारतीय युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया विभिन्न समस्याओं के समाधान तलाश रही है। भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर इन समस्याओं का समाधान देने की क्षमता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत का सपना युवाओं की भागीदारी से साकार होगा। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी नए विचारों को अपनाएं, आत्मविश्वास बनाए रखें और चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं को इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाला समय भारत और भारतीय युवाओं का है।

प्रधानमंत्री मोदी से सीएम विजय ने किए छह अनुरोध

- चेन्नई मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दें
- कोयंबटूर और मदुरै में मेट्रो पर फिर विचार करें
- होसुर-बोम्मासंद्रा मेट्रो को मंजूरी दें
- गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना को प्राथमिकता दें
- दो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर मंजूर करें
- एसएसए के 5,110 करोड़ रुपये जारी करें

खबर संक्षेप

नाना की मौत खून का थक्का जमने से हुई

पणजी। अभिनेता नाना पाटेकर की मौत खून का थक्का जमने से दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई।



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने रिपोर्ट के आधार पर रविवार को कहा कि अभिनेता को खून का थक्का जमने के कारण दिल का दौरा पड़ा।

स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्र से माफी, मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम। अलाप्पुझा के एक निजी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान एक छात्र से



माफी मंगवाए जाने के मामले में राज्य बाल अधिकार आयोग ने रविवार को एक मामला दर्ज किया। आयोग ने अलाप्पुझा के चेरतला स्थित वालामंगलम उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एक छात्र से प्रार्थना सभा में माफी मंगवाए जाने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

43 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। एनसीबी ने असम में दो ट्रकों के ईंधन टैंकों में रखी गई करीब 43 करोड़ की 53.93 किलो



मेथामफेटामीन जब्त की और मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई छह अक्टूबर को गुवाहाटी में की गई और मादक पदार्थों की यह खेप म्यांमा से मंगाई गई थी। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

रामायण का पहला भाग पांच नवंबर को होगा रिलीज

मुंबई। फिल्म रामायण के निर्माताओं ने घोषणा की कि दो भागों में बनने वाली इस पौराणिक



फिल्म का पहला भाग पांच नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी जारी किया जिसमें रणबीर कपूर, साईं पल्लवी, रवि दुबे और यश नजर आ रहे हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर फिर भड़की सीजेपी कहा

ज्ञानेश को बचाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में 'आपातकाल' जैसे हालात पैदा कर दिए

प्रेस वार्ता में आशुतोष रांका और सौरव दास ने केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस पर साधा निशाना हिरासत में अमानवीय व्यवहार और राजधानी में भारी पाबंदियां लगाने के लगाए आरोप

आयोग जिम्मेदारी निभाने में विफल, भाजपा को हो रहा लाभ

दीपके की दादी के निधन पर पुलिस के व्यवहार पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी के सह-संयोजक और प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि पिछले 72 घंटों में देश में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनकी कल्पना करना भी मुश्किल था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है और भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। रांका ने कहा कि शुरुआत में उनका विरोध मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयोग के खिलाफ था, लेकिन अब यह लड़ाई केंद्र सरकार के खिलाफ होती जा रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार किसी भी कीमत पर ज्ञानेश कुमार को बचाना चाहती है। रांका ने सीजेपी से जुड़े अभिजीत दीपके की दादी के निधन का उल्लेख करते हुए दिल्ली पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिपके को निधन की सूचना मिलने के बाद भी पुलिसकर्मी कैमरे और माइक लेकर खड़े रहे। दीपके अपने परिवार से बात करना चाहते थे, क्योंकि उनके माता-पिता की तबीयत खराब रहती है और वे हृदय रोग से पीड़ित हैं। रांका ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी भावनाओं को समझने और परिजनों से बात कराने में संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रदर्शन में शामिल हुए चार पूर्व मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, माणिक सरकार और पिनाराई विजयन का आभार भी जताया। सीजेपी नेता सौरव दास ने हिरासत के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि उन्हें आरके पुरम थाने में रखा गया था, जबकि आशुतोष रांका और अभिजीत दिपके को दूसरी जगहों पर रखा गया।

पाबंदियों से आम लोगों को परेशानी का आरोप



दास ने दावा किया कि दिल्ली में 30 से 40 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई और शहर में व्यापक पाबंदियां लगाई गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, दूसरे राज्यों से आने वाली ट्रेनों को रोकने, राजधानी एक्सप्रेस रद्द करने और दुकानों को बंद कराने जैसी कार्रवाइयों से आम नागरिक भी प्रभावित हुए। उनके मुताबिक, इससे प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ उन लोगों को भी परेशानी हुई, जिनका आंदोलन से कोई संबंध नहीं था।

खास बातें

- 20 एफआईआर : दिल्ली पुलिस ने दर्ज कीं
- 7,000 से अधिक : प्रदर्शनकारी, नेता और कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए
- 30,000 से ज्यादा : सुरक्षा कर्मियों की तैनाती
- 15 से अधिक : पथराव की घटनाओं में पुलिसकर्मी घायल
- 4 गिरफ्तार : छात्रों से मारपीट और महिलाओं से बदसलूकी के आरोपों वाले मामले में

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तेज, 20 एफआईआर से मचा हड़कंप

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार को हुए प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने 20 एफआईआर दर्ज की हैं। डीसीपी पीआरओ नेहा यादव के मुताबिक, इन मामलों में पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी कर्मचारियों के कामकाज में बाधा डालने जैसे आरोप शामिल हैं।



कई स्थानों से हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी

मध्य दिल्ली में कई जगहों पर बहुस्तरीय बैरिकेडिंग की गई थी। आकाशवाणी भवन, इम्तियाज अली मार्ग, हनुमान मंदिर और केरल हाउस सहित विभिन्न स्थानों से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां लगातार गश्त करती रहीं।

प्रदर्शन का दूसरा दिन,100 से ज्यादा लोग हिरासत में



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन जारी रखने के एलान के बाद आज भी दिल्ली में कई जगहों पर प्रदर्शनकारी जुटे। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। सीजेपी का कहना है कि जब तक सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया है। उधर, आज दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशन खुले हैं। मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट खुले रहेंगे।

मुझे किडनैप किया गया- ध्रुव राठी

यूट्यूबर ध्रुव राठी ने हिरासत से रिहा होने के बाद रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने



कैमरे के सामने अपना पासपोर्ट दिखाते हुए कहा कि वह भारतीय नागरिक हैं, थे और रहेंगे। उन्होंने अपने विदेशी पासपोर्ट को लेकर फैल रही चर्चाओं को भी खारिज किया। ध्रुव राठी ने दावा किया कि शनिवार सुबह कुछ लोग सादे कपड़ों में उनके घर में घुसे। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी मां को धक्का दिया और उन्हें बेडरूम से घसीटकर बाहर ले गए।

कांग्रेस देश में विभाजन चाहती है: त्रिवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोगेम्बो' कहने और तमिल भाषा



पर हमले के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश में विभाजन पैदा करना है, जबकि भाजपा एकता के लिए काम करती है। त्रिवेदी ने सरकार और प्रधानमंत्री पर लगाए गए आरोपों को आधारहीन बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आपातकाल की बात करते हैं, लेकिन क्या एक किलोमीटर की बैरिकेडिंग को आपातकाल कहा जा सकता है? त्रिवेदी ने तमिल भाषा और संस्कृति को लेकर भी कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास हुए हैं। उन्होंने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि चेन्नई में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम किया गया है। इनमें चेन्नई मेट्रो के लिए 4,900 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3,700 करोड़ और रेल लाइन के लिए 750 करोड़ रुपये शामिल हैं।

हैदराबाद में 5 साल की बच्ची की हत्या

सिक्योरिटी गार्ड पर 20 लाख की फिरौती मांगने का आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के एक रिहायशी परिसर में कृषि वैज्ञानिक की पांच वर्षीय बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई।



बच्ची शनिवार को लापता हुई थी। देर रात करीब नौ बजे उसका शव परिसर के क्लब हाउस के बेसमेंट में मिला। पुलिस के अनुसार, मामले में सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड विक्रम पर अपहरण और हत्या का संदेह है।

सीसीटीवी फुटेज में वह बच्ची का पीछा करता दिखाई दिया है। जांचकर्ताओं को आशंका है कि आरोपी ने बच्ची को छोड़ने के बदले 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। घटना से दो दिन पहले भी उसे परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया था।

बच्ची के लापता होने की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया था। आरोपी की तलाश के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित की गई है। मोबाइल फोन की लोकेशन से उसके सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन की ओर जाने की आशंका जताई गई है।

वाम दलों ने निकाली रैली...



कोलकाता। रविवार को कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर वामपंथी छात्र और युवा कार्यकर्ताओं ने विरोध रैली निकाली।

13 अक्टूबर को होगा नागरिक सम्मेलन

दिल्ली के बाद अब कोलकाता में एसआईआर के खिलाफ तैयारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में दिल्ली के बाद अब कोलकाता में भी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। दुर्गापूजा से पहले विपक्षी दलों, संगठनों और नागरिक समाज के कुछ सदस्यों ने विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करना शामिल है। माकपा नेता विकासरंजन भट्टाचार्य, पूर्व



नौकरशाह जवाहर सरकार और अन्य लोगों से जुड़े 'सिटिजंस फोरम वेस्ट बंगाल' ने 13 अक्टूबर को नागरिक सम्मेलन आयोजित किया है। इसमें नागरिक अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक न्याय के मुद्दे उठाए जाएंगे। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और अभिनेता प्रकाश राज के भी सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है।

एनटीए सुधारों पर बोली संसदीय समिति

बचे हुए समय में परीक्षा देने की हो अनुमति

खास सुझाव: परीक्षा के दिन रैलियों और जुलूसों की अनुमति न दें जिला प्रशासन

रैलियों, जुलूसों से परीक्षार्थियों को पहुंचने में हो सकती है देरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि अहम प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन जिला प्रशासन को किसी भी रैली, जुलूस या जनसभा की अनुमति नहीं देनी चाहिए ताकि यातायात सुचारू रहे। कानून-व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम पहले से हों और किसी भी परीक्षार्थी को बाहरी व्यवधानों का सामना न करना पड़े। राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति ने राज्यसभा के सभापति को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और उसे मजबूत बनाने से संबंधित रिपोर्ट में यह सिफारिश की। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा



(नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने के विवाद और एनटीए में कथित प्रशासनिक खामियों के बाद आई है।

इस विवाद के कारण देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। अंततः तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, परीक्षा के दिन रैलियों, जुलूसों या बड़ी सभाओं के कारण परीक्षार्थियों को पहुंचने में देरी हो सकती है। वे पहुंचने के निर्धारित समय से चूक सकते हैं। समिति सिफारिश करती है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन कर जिला प्रशासन को परीक्षा के दिन किसी भी रैली, जुलूस या अन्य जनसभा की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात सुचारू रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से हों, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को टाले जा सकने वाले बाहरी व्यवधान का सामना न करना पड़े।

15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए

समिति ने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान निरीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर कराने और जांच संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने से उन छात्रों का ध्यान भटकता है, जो पहले से ही समय के दबाव में परीक्षा दे रहे होते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति का विचार है कि ऐसी औपचारिकताओं के लिए परीक्षा शुरू होने से पहले या समाप्त होने के बाद 15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए और परीक्षा के बीच ये औपचारिकताएं पूरी न की जाएं।

अश्लील कार्यक्रमों की सूचना पर हुई बड़ी कार्रवाई

मुंबई में पहले 11 बार के लाइसेंस भी किए गए थे निलंबित

ठाणे के ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा, 12 गिरफ्तार, 16 महिलाओं को बचाया

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर 16 महिलाओं को बचाया और बार के कर्मचारियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध देशी और विदेशी शराब के साथ नकदी भी जब्त की गई। पुलिस के महिला शोषण रोधी प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई नवघर रोड स्थित बार में की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रकोष्ठ को सूचना मिली थी कि बार में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और अश्लील कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले जुलाई में मुंबई अपराध शाखा ने ऑर्केस्ट्रा बार की आड़ में कथित रूप से अवैध डांस बार चलाने



वाले 11 प्रतिष्ठानों के सार्वजनिक मनोरंजन लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित किए थे। इन पर निर्धारित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रमों के बजाय डांस बार संचालित करने और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप थे। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में महिला कलाकारों के अश्लील इशारे करने और ग्राहकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क के आरोप भी सामने आए थे। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी से बचने के लिए गुप्त दरवाजे, और छिपने के लिए विशेष जगहें बनाई गई थीं।

जबलपुर
सोमवार 12 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 21, अंक : 160
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

मैट्रो
14 बेटी ने तोड़ी रूढ़ियां पिता को दी...

खबर संक्षेप

रूस-यूक्रेन में ऊर्जा ठिकानों पर सीजफायर होने का दावा

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले



रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से सीजफायर लागू होने का दावा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर दोनों देशों से समझौते का उल्लंघन नहीं करने की अपील की। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि यदि रूस यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकता है, तो उनका देश रूसी तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाना बंद कर सकता है। जेलेंस्की ने ठोस गारंटी की जरूरत भी बताई।

अवैध खनन रोकने पहुंची वन टीम पर हुआ पथराव

ग्वालियर। तिघरा थाना क्षेत्र की कालाखेत बीट में अवैध खनन रोकने पहुंची वन विभाग की टीम



पर पथराव किया गया। वनकर्मियों ने आरोप लगाया कि खनन में लगे लोगों ने सरकारी वाहन का रास्ता रोककर जान से मारने और वन चौकी तोड़ने की धमकी दी। घटना शनिवार देर रात की है। गश्त के दौरान मेवाराम गुर्जर दो मजदूरों के साथ छेनी-हथौड़ी से फर्शी पत्थर निकालता मिला। औजार जब्त कर लौटते समय आरोपियों ने पथराव किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर में 175.14 करोड़ के 31 विकास कार्यों की दी सौगात

प्रदेश के 8.19 लाख विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए अंतरित किए 502 करोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा का ही आधुनिक स्वरूप हैं। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक परिवेश को बेहतर बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे ही हमारे देश-प्रदेश के भावी कर्णधार हैं। बच्चे और युवा हम सबके सुनहरे भविष्य के चमकते सितारे हैं। हम इनकी शिक्षा-दीक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन और तरक्की में कोई बाधा नहीं आने देंगे। राज्य सरकार आधुनिक शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के साथ युवाओं को रोजगार और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश में विकास का कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नरसिंहपुर में 42.52 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 35.56 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 213.41 करोड़ रुपए की पेंशन राशि अंतरित की।

42.52 करोड़ से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का किया लोकार्पण, स्कूल की 15 नई बसों का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बच्चों के साथ

प्रदेश के 35.56 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा हितग्राहियों को दी 213.41 करोड़ रुपए की पेंशन राशि

मालिकाना पट्टे की निःशुल्क रजिस्ट्री की कॉपी वितरित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना- 2026 के तहत करीब 10 हितग्राहियों को उनके मालिकाना पट्टे की निः शुल्क रजिस्ट्री की कॉपी (चेक सहित) तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 175.14 करोड़ रुपए लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी शामिल है।

गुरुकुल परम्परा का ही आधुनिक स्वरूप हैं हमारे सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु हो, तो सांदीपनि जैसा। शिष्य हो, तो कृष्ण जैसा और मित्रता हो, तो कृष्ण-सुदामा जैसी। प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा का ही आधुनिक स्वरूप हैं। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक परिवेश को बेहतर बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

सफलता के दिए टिप्स...

सपनों को पूरा करने के लिए किया प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर पूरी लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता है और सही दिशा में किए गए प्रयास सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

बहनों, किसानों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए की सहायता दी जा रही है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि और ग्रामीण परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है।

बड़वानी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

अपने पद का अहंकार छोड़ें, पुराने कार्यकर्ताओं के संघर्ष को कभी न भूलें

अध्यक्ष, मंत्री या विधायक का पद हमेशा किसी के पास नहीं रहता



हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वानी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को अपने पहले बड़वानी दौरे के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अहंकार से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष, मंत्री या विधायक का पद हमेशा किसी के पास नहीं रहता। पद मिलने से पहले भी जीवन था और पद से हटने के बाद भी रहेगा। इसलिए पद को स्थायी मानकर अहंकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह किसी पद पर रहें या नहीं, हमेशा कार्यकर्ता बने रहेंगे। संगठन की बैठक में खंडेलवाल ने भाजपा के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि एक समय मंडल स्तर पर दो कार्यकर्ता जुटाना भी मुश्किल होता था।

ईवीएम और एसआईआर पर कांग्रेस को घेरा

बड़वानी और खरगोन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान खंडेलवाल ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगातार मिल रही हार के लिए ईवीएम और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराने के बजाय कांग्रेस को अपने नेताओं और नीतियों की कमियां तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम पर सवाल उठाती थी और अब एसआईआर को लेकर आरोप लगा रही है। पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि एसआईआर के कारण किन मतदाताओं का मतदान का अधिकार छिना है।

कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत

आज पार्टी की मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम है। यह उपलब्धि पुराने कार्यकर्ताओं की तपस्या, त्याग और योगदान का परिणाम है। उनके संघर्ष को भुलाने पर पार्टी अपनी मूल दिशा से भटक सकती है। खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत हैं और बूथ की मजबूती से चुनाव जीतने का रास्ता आसान होता है।

पीएम मोदी और सीएम विजय ने साथ किया मेट्रो का सफर

4900 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ पूनमल्ली-वडापलानी मार्ग

विद्यार्थियों से बोले प्रधानमंत्री भारत का भविष्य शानदार होगा



पीएम ने किया मेट्रो के नए खंड का उद्घाटन

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के तहत पूनमल्ली से वडापलानी तक नए खंड का उद्घाटन किया। करीब 4900 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ मेट्रो में सफर भी किया। राज्यपाल आर. एन. रवि की मौजूदगी में दोनों ने हरी झंडी दिखाकर नई मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया।

बिलबोर्ड मामला: पुलिस ने अभिषेक बनर्जी को नोटिस थमाया

कोलकाता। पुलिस रविवार को तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी नीत गुट के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची और कैमक स्ट्रीट पार्टी कार्यालय बिलबोर्ड मामले में फिर से पूछताछ के लिए बुलाने का नोटिस दिया। हफ्ते भर में पुलिस दूसरी बार डायमंड हार्बर सांसद के कालीघाट स्थित आवास पर इस उद्देश्य से पहुंची।

भारत बनाएगा अगली पीढ़ी की हवाई ताकत : वायुसेना प्रमुख

एजेंसी ⏭ इंफाल



तरंग शक्ति 2026 के बड़े अभ्यास में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने अपनी बात मजाकिया लहजे में रखते हुए माहौल को हल्का कर दिया। उन्होंने कहा, आप लोग हमें अपने विमानों के पास भी नहीं आने देते और अब हमें बेचने की बात करते हैं। उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया कि यह बात उन्होंने सिर्फ मजाक में कही थी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हर देश स्वाभाविक तौर पर अपनी सैन्य तकनीक को सुरक्षित रखता है। **भारत एसयू-57 और एएमसीए के विकल्पों पर कर रहा विचार :** भारत अभी रूस के एसयू-57 विमानों पर विचार कर रहा है। वहीं, अपनी अगली पीढ़ी के एएमसीए जेट विमानों पर भी काम जारी है। एक तरफ चीन लगातार अपने स्टील्थ बेड़े को बढ़ा रहा है और संभवत जे-35 लड़ाकू विमान पाकिस्तान को दे रहा है। ऐसे में भारत अपनी तत्काल जरूरतों और भविष्य के अपग्रेड्स के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

बागेश्वर धाम से निकली रथयात्रा

पं. शास्त्री ने किया शुभारंभ 5 दिन में 500 किमी का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रथ पर सवार

बागेश्वर धाम से पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा 3.0 रविवार को पन्ना जिले के अजयगढ़ की ओर रवाना हुई। यात्रा से पहले शास्त्री ने बालाजी का पूजन-दर्शन किया। इसके बाद ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा पाठ के साथ यात्रा शुरू हुई। सबसे आगे बालाजी का रथ, उसके पीछे शास्त्री का रथ और समर्थकों के वाहन चल रहे हैं। श

उड़ान के दौरान पावर बैंक में लगी आग

हैदराबाद में इंडिगो फ्लाइट की हुई 'इमरजेंसी लैडिंग'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

धुआं उठने से मचा हड़कंप

दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट में रविवार को एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए विमान को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। घटना में सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6115 दिल्ली से चेन्नई जा रही थी।

उत्तर-पश्चिमी राजस्थान से उत्तर-पूर्वी मप्र तक ट्रफ सक्रिय

15 अक्टूबर के बाद फिर लौट सकता है बारिश का दौर आज और कल कुछ शहरों में हल्की बारिश के आसार

- भोपाल में दिन में गर्मी, रात में ठंडक
- इंदौर की रात सबसे ठंडी
- इंदौर में रात का तापमान प्रदेश में सबसे कम 15.8 डिग्री रहा

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया और श्योपुर में बारिश हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के कुछ जिलों में अभी मौसम में बदलाव जारी है। प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से में चक्रवात का असर होने से कुछ जिलों में सोमवार से मंगलवार के बीच बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार एक ट्रफ उत्तर पश्चिमी राजस्थान से उत्तर पूर्वी मप्र तक सक्रिय है। इससे कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ सोमवार से मंगलवार के बीच बारिश हो सकती है।



राजधानी का कमला पार्क, शाम 5:29 बजे का दृश्य

इंदौर, भोपाल में दिन में धूप, रात में ठंडक

रविवार रात इंदौर में न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री, अमरकंटक में 16.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 16.9, भोपाल में 17.8 डिग्री, पचमढ़ी में 17.5 डिग्री तक रहा। प्रदेश के शेष जिलों का औसत पारा 20 डिग्री तक रहने से मौसम सामान्य रहा। बारिश वाले जिलों में शामिल, ग्वालियर, भिंड मुरैना सहित करीब आधा दर्जन जिलों में अभी रात के तापमान में मामूली बढ़त और दिन में एक डिग्री तक कमी आएगी।

300 से ज्यादा घायल, 24 घंटे में 225 उड़ानें रद्द, 20 दिन में चौथा हमला

रियाद एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला अमरीकी सहित 8 देशों के 12 की मौत

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच मध्य पूर्व में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बार फिर भीषण बैलिस्टिक मिसाइल हमला हुआ है। यमन स्थित हूती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। धमाके में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में 4 सऊदी, 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, फिलिस्तीन, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

एजेंसी ⏭ रियाद

हमले के बाद एयरपोर्ट खाली कराया गया और उड़ानें रोक दी गईं। बीते 24 घंटे में एयरपोर्ट की कम से कम 225 उड़ानें रद्द हुईं। रियाद एयरपोर्ट पर बीते 20 दिन में यह चौथा हमला है। हूतियों ने इस हफ्ते अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को चेतावनी दी थी कि सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में उड़ानें चलाने के गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

रियाद हवाई अड्डे पर तीसरा बड़ा हमला : इस सप्ताह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा यमन में हूतियों के खिलाफ शुरू किए गए बड़े सैन्य अभियान के बाद रियाद हवाई अड्डे को निशाना बनाकर किया गया यह तीसरा बड़ा हमला है। इससे पहले बुधवार और गुरुवार को हुए हमलों में एक पायलट सहित 3 सऊदी नागरिक और एक सूडानी नागरिक की मौत हो चुकी है।



एयर इंडिया ने रद्द की रियाद जाने वाली उड़ानें

किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमलों के मद्देनजर एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया ने रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों को 14 अक्टूबर तक और एयर इंडिया की उड़ानों को 15 अक्टूबर तक रद्द कर दिया गया है।

अमेरिका कर सकता है हूतियों पर हमला

अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के साथ मिलकर सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से पूछा गया कि क्या अमेरिका सऊदी अरब के साथ मिलकर हूतियों पर हमले करेगा तो उन्होंने कहा, हम ऐसा कर सकते हैं।

भारत ने कहा- आम नागरिकों पर हमले तुरंत बंद हों

भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को रियाद एयरपोर्ट पर हुए मिसाइल हमले की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि आम नागरिकों और उनके इस्तेमाल वाली जगहों को बार-बार निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। भारत ने कहा कि वह सऊदी अरब की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा में वहां की सरकार और जनता के साथ खड़ा है। भारत ने उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र में जल्द ही शांति बहाल होगी।

सऊदी सेना का 1150 हूती विद्रोहियों को मार गिराने का दावा

इधर, यमन की सरकारी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग मोर्चों पर किए गए 1,900 से अधिक हमलों में 1,150 से ज्यादा हूती लड़ाके मारे गए हैं। सरकारी सेना के प्रवक्ता माजिद अल-नुजैली ने कहा कि इन अभियानों में हूतियों के हथियार भंडार, सैन्य शिविर, किलेबंदी, तोपखाने की चौकियां, सैनिक जमावड़े और रसद आपूर्ति मार्गों को निशाना बनाया गया। सबसे भीषण लड़ाई दक्षिण-पश्चिमी यमन में स्थित रणनीतिक बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के आसपास हो रही है।

ईरान ने सीमाओं पर की लड़ाकू इकाइयों की तैनाती

अमेरिका के साथ नए सिरे से संघर्ष की आशंकाओं के बीच ईरान ने कथित तौर पर अपनी सीमाओं पर 50 से अधिक लड़ाकू और सहायक इकाइयों को तैनात किया है। यह तैनाती उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम, पूर्वी क्षेत्रों और मकरान तट सहित कई क्षेत्रों में की गई है। ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमी निया ने कहा कि अमेरिका के साथ संघर्ष के बाद तेहरान मिसाइलों की मारक क्षमता बढ़ाने की योजना बना रहा है।

खबर संक्षेप

दिल्ली में 50 लाख के 590 किलो पटाखे जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में एक दुकान के ऊपर बने गुप्त कक्ष से करीब 590 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जब्त किये गये पटाखों की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारी के अनुसार, पुलिस की सतर्कता शाखा ने पुख्ता सूचना के आधार पर आठ अक्टूबर को बाजार गुलियान स्थित एक दुकान पर अचानक छापा मारा। पकड़े गए लोगों की पहचान जानकी दास और अभीक दास के रूप में हुई है।



अमेरिका में फायरिंग बच्चों समेत 9 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में हुई फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। बता दे कि 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। 9 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली।



छह नागा, दो कुकी एक गोरखा की मौत पीएम से मिले सीएम

इंफाल। मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों कामजोंग, उखरुल और कांगपोकपी में भड़की हिंसा में 9 लोगों की मौत हो गई है। नागा और कुकी समुदायों के बीच ताजा भड़की हिंसक झड़पों में जान गंवाने वालों में एक महिला भी शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को हुई हिंसा में छह नागा, दो कुकी और गोरखा समुदाय के एक किसान की मौत हुई। इस बीच, मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की और राज्य सरकार द्वारा शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

स्मित मच्छार को अस्पताल में इलाज के बीच मिला इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का खास संदेश

गहरे जख्म लेकिन हौसला बुलंद, कैप्टन स्मित की नई तस्वीर आई सामने इजराइल देगा सबसे बड़ा 'वीरता' सम्मान

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

अबू धाबी के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रभावित राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इजराइल के सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है। मच्छार को भेजे अपने पत्र में हर्जोग ने कहा है कि स्मित के पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें यरुशलम बुलाकर यह सम्मान दिया जाएगा। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान में हुए खौफनाक घटनाक्रम के दौरान स्मित ने जिस हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया, उससे विमान में सवार 180 लोगों की जान बच गई।

> भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें इजराइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का ऐलान किया है।

खास बातें

- कैप्टन स्मित को भेजा राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने पत्र
- विमान में सवार 180 लोगों की जान बचाई थीं



भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते हुए


राष्ट्रपति इसाक ने मच्छार की जमकर तारीफ की

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संदेश में भारतीय पायलट को इजराइल, भारत और पूरी मानवता का हीरो बताया। हर्जोग ने कहा कि उन्होंने स्मित को भेजे पत्र में उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने किया ऐलान

कैप्टन स्मित मच्छार को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित करेगा इजरायल

फ्लाईदुबई प्लेन के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर ओमानी को-पायलट हम्माम अल-हम्मामी ने क्रैश-एक्स से हमला कर दिया था, जिसका स्मित मच्छार ने डटकर मुकाबला किया और 174 यात्रियों व क्रू सदस्यों की जान बचाई थी। उन्हें इजराइल का 'प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड फॉर सिविलियन हीरोइज़्म' नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिलेगा। यह नागरिकों के लिए देश का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। गंभीर रूप से घायल होने और बहुत ज़्यादा खून बहने के बावजूद, भारतीय पायलट ने कॉकपिट का दरवाज़ा खोल दिया। उनकी इस हिम्मत की वजह से विमान के यात्री कॉकपिट में घुस पाए और हमलावर को काबू में कर सके। स्मित मच्छार का इलाज यूएई के एक अस्पताल में चल रहा है। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने कहा कि भारतीय पायलट को ठीक होने के बाद इजरायल का सर्वोच्च पुरस्कार दिया जाएगा।



एक्स पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामलों में संयुक्त राष्ट्र की बेवजह दखलंदाजी बताया

यह हमारा आंतरिक मामला, नसीहत की जरूरत नहीं', सीजेपी प्रोटेस्ट पर यूएन की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है।

एक्स पर जारी एक वीडियो बयान में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान शांतिपूर्ण सभा के अधिकार की गारंटी देता है, जिसकी सुरक्षा देश की मजबूत संस्थाएं, स्वतंत्र न्यायपालिका और निष्पक्ष मीडिया करते हैं। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की टिप्पणियां अनुचित हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है।

> भारत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को खारिज कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है

भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा करना अच्छी तरह जानता है

यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है: जायसवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण

रणधीर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देने के मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के 'चुनिंदा रवैये' की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बयान जारी करने के मामले में का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाइयों पर संस्था ने चुप्पी साधे रखी और जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय के पास हुई पुलिसिया कार्रवाइयों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की।

बहुपक्षवाद और संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा अपनाया जाने वाला यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड न केवल मानवाधिकार निकाय की अपनी विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुँचाते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बहुपक्षवाद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के भरोसे को भी कमजोर करते हैं।

सार्वजनिक व्यवस्था और कानून का पालन

रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हर लोकतंत्र की तरह, भारतीय नागरिक भी सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने की शर्तों के साथ इस अधिकार का इस्तेमाल करते हैं। हमारी कानून लागू करने वाली एजेंसियां कानून के मुताबिक सख्ती से काम करती हैं और हमारी अदालतें किसी भी शिकायत के समाधान के लिए सभी के लिए उपलब्ध हैं। इसलिए की चिंताएं बेबुनियाद हैं और भारत के आंतरिक मामलों में अस्वीकार्य दखल हैं।

भारत ने यूएन की चिंताओं को अनुचित और हस्तक्षेप बताया?

भारत ने नई दिल्ली में हुई घटनाओं पर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसकी चिंताएं अनुचित हैं। भारत के मुताबिक, ऐसी टिप्पणियां देश के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप हैं। भारत ने मानवाधिकार कार्यालय के कामकाज में निष्पक्षता की जरूरत पर भी जोर दिया। उसने कहा कि को दुनिया के दूसरे हिस्सों में होने वाले बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शनों पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता थमीम अल-खीथान ने 10 अक्टूबर को दिल्ली में हुए प्रदर्शनों के दौरान लोगों को हिरासत में लिए जाने की खबरों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन से पहले और उसके दौरान प्रदर्शनकारियों, आंदोलन के नेताओं, नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों, वकीलों और पत्रकारों को बड़े पैमाने पर हिरासत में लिए जाने की खबरें चिंताजनक हैं।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

भारत ने कहा कि वह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां शांतिपूर्ण तरीके से सभा करने का अधिकार संविधान द्वारा सुनिश्चित और संरक्षित है। भारत के अनुसार, इस अधिकार की रक्षा मजबूत संस्थाओं, स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र मीडिया के माध्यम से की जाती है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण सभा का अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था के हित में लगाए गए उचित प्रतिबंधों के अधीन है। अधिकारियों को कानून के अनुसार काम करना होता है और किसी शिकायत के निवारण के लिए भारतीय अदालतें सभी के लिए उपलब्ध हैं।

यूएन की चिंता और रिहाई की मांग

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं, पत्रकारों और वकीलों की गिरफ्तारियों पर चिंता जताई थी। प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने अधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने, संयम बरतने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना शर्त तुरंत रिहा करने का आग्रह किया था, जिसके बाद विदेश मंत्रायल की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

पत्थर के नीचे छिपा हथियारों और विस्फोटों का जखीरा हुआ बरामद



एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर जंगल में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला।

हथियार, गोला-बारूद बरामद

इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी। बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर एमजीएल और 11 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं।

सभी सामग्री को कब्जे में लिया

पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री को सभी जरूरी सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है। सोपोर के पुलिस स्टेशन बोमई में एफआईआर नंबर 66/2026 दर्ज की गई है। इसमें यूएपीए की धारा 13, 18, 20 और 23, आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 लगाई गई हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार और विस्फोटक किसने छिपाए थे, इनका स्रोत क्या है और क्या इनका किसी आतंकी संगठन से संबंध है।

पाकिस्तान में बड़ा सियासी फेरबदल!

खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी घोषित चुनी हुई सरकार को कर दिया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई और केंद्र सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। रविवार, 11 अक्टूबर को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी लागू करने के बाद वहां की चुनी हुई सरकार को निलंबित कर दिया। इस फैसले से प्रांत में पीटीआई सरकार के अधिकार छिन गए हैं। इमरान खान की रिहाई और उनसे मुलाकात की मांग को लेकर पार्टी का मार्च भी जारी है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने इमरजेंसी



के पीछे बढ़ते आतंकी हमलों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को वजह बताया है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय के मुताबिक, प्रांतीय सरकार आतंकवाद से निपटने में नाकाम रही है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर इमरजेंसी लगाने की घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

ईरान से युद्ध समाप्त करने के लिए ट्रंप ने रखी शर्त

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चाहे तो अभी ईरान में अपनी सैन्य भागीदारी खत्म कर सकता है, अगर पक्की गारंटी मिल जाए कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, हम अभी वहां से निकल सकते हैं लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में उनके पास परमाणु हथियार न हों और हम यह सुनिश्चित करेंगे। जब उनसे पूछा गया अमेरिकी सैन्य अभियान के जरिए ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने का दावा करने के बावजूद वह जीत की घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं, तो ट्रंप ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि यह खतरा दोबारा पैदा न हो।

होर्मुज में दस दिन में हुईं 13 घटनाएं

तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया, जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया।

उन्होंने कहा, इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।



जहाज पर हुआ था हमला: भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था।

नेपाल में फिर तबाही

बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़, कई पुल-घर बहे, 10 लापता, लैंडस्लाइड से स्यारी नदी का रास्ता बंद

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं।

उनकी तलाश की जा रही है। बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में



भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं।

एसएमएस भेजकर लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह

गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के इंस्पेक्टर आकाश कंडेल ने बताया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सिरदिबास और धारचे ग्रामीण नगरपालिका के खोलाबिसी, माछाखोला, सोती, अरखेत और आरुघाट में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी डॉ. धर्मराज उप्रेती ने बताया कि ऊपरी इलाके से बाढ़ का पानी आरुघाट पहुंचने में करीब 3 घंटे लगते हैं।

अमेरिका और यूक्रेन के बीच बढ़ा तनाव

यूक्रेन को नए राष्ट्रपति की जरूरत पुतिन शांति चाहते हैं: राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की बातचीत के मौके गंवा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा। जेलेंस्की ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि इससे रूस को युद्ध जारी रखने के लिए और पैसा मिलेगा।



रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों से ट्रंप नाराज

ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से रूस की तेल रिफाइनरियों पर किए जा रहे हमलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन हमलों से दुनिया में ईंधन की समस्या बढ़ सकती है। यूक्रेन रूस की तेल से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई और उसकी सेना तक ईंधन पहुंचाने की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

जेलेंस्की बोले- रूस चाहे तो आज ही हमले रुक सकते हैं: *जेलेंस्की ने रविवार को एक्स पर लिखा कि यूक्रेन रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने के लिए तैयार है, बशर्ते रूस यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले बंद करे।*

भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी

भारतीय नाविकों की रोमानियाई प्रशासन ने पूरी मदद की

भारतीय नागरिकों की घर वापसी, रूसी ड्रोन हमले के बाद बचाए गए तीन नाविक रोमानिया से रवाना

एजेंसी ▶▶ बुखारेस्ट

रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि सोमवार को काला सागर में तुर्की के कार्गो जहाज एमवी रोयाद मम्मादोव पर हुए हमले के बाद बचाए गए तीन भारतीय नागरिक भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मिशन ने शनिवार को बताया, 3 भारतीय नागरिक साहिल संधू, अश्विनी कुमार और हरमन सिंह शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए है।

समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ था



रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए तीन भारतीय नागरिक

दूतावास ने भारतीयों की वापसी में मदद की

दूतावास ने उनकी वापसी में मदद के लिए हर जरूरी सहायता और सहयोग प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि हम रोमानियाई अधिकारियों, कॉन्स्टैंटा काउंटी अस्पताल और रोमानियाई बचाव दलों का उनकी बहुमूल्य मदद, सहयोग और समर्थन के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं। बता दे कि तुर्की की एक कंपनी के इस जहाज पर जो यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह से इटली के रेवेना तक मक्का ले जा रहा था सोमवार को रोमानिया की समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ। इस घटना में दो विदेशी नाविकों की मौत हो गई और कई क्रू सदस्य घायल हो गए। इसमें सभी तीन भारतीय नागरिक बच गए। हालांकि एक घायल हो गया था और उसे रोमानिया में इलाज मिला। हमले में मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता के बारे में तुरंत पता नहीं चल सका। सात अक्टूबर को दूतावास के प्रतिनिधि ने उन तीन भारतीय नागरिकों से मुलाकात की जिन्हें छह अक्तूबर को काला सागर में जहाज से बचाया गया था। दो लोगों को एक होटल में ठहराया गया, जबकि तीसरे व्यक्ति का कॉन्स्टैंटा के काउंटी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जगह-जगह हुआ ऐतिहासिक स्वागतम, कल होगा राम विवाह और मंथरा-कैकयी संवाद

भव्यता, भक्ति और उल्लास के संग निकली गढ़ा रामलीला की राम बारात



जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्रीराम की भव्य बारात सिद्ध मंच से धूमधाम से निकाली गई। 21 कलशों, अश्वारोही दल, दुलदुल घोड़ी नृत्य, धमाल, शहनाई, ढोल-नगाड़ों, विशाल बैंड की मधुर धुनों और आतिशबाजी के बीच निकली राम बारात ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मार्ग में जगह-जगह भगवान श्रीराम की बारात के स्वागत, पूजन-अर्चन और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम बारात आनंदकुंज, छोटी बजरिया, मेजर बीटी तिराहे के सामने से गुलौआ, गौतमगंज, संजीवनी नगर, शाही नाका, पंडा की मढ़िया, कोष्टा मोहल्ला और गढ़ा बाजार होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। बारात में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश सहित अनेक देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

गोविंदगंज रामलीला : राजा बनते-बनते वनवासी हो गए राम

राम वन गमन का भावुक चित्रण



जबलपुर। राजकाज सकल संभारिहें भरत बंधु-असुर संहारिवे को मैं तो वन जाऊंगो, करिके सहाय दुखी-दीनन की फेरि आय-मातु तेरे पायन पे शीष को झुंकाउंगो.. ये कहते हुए श्रीराम ने जैसे ही माता कैकेई से वन जाने की आज्ञा मांगी, श्रोता द्रवित हो गए। वनगमन की करुणामयी मानस लीला का प्रसंग गोविंदगंज रामलीला के पात्रों ने सजीव कर दिया। रामलीला में आज कैकेई-मंथरा, दशरथ-सुमंत, राम-लक्ष्मण-जानकी आदि के संवादों की असीमित उच्चता देखी गई। एक-एक भाव और एक-एक संवाद साहित्य-लालित्य से परिपूर्ण था। आज दशरथ के रूप में अतुल पांडे, कैकेई के रूप में दीपक पांडे, मंथराके रूप में मयंक पाठक,,राम के रूप में ओम दुबे, लक्ष्मण के रूप में मानस पाठक, गुरुवर के रूप में सीताराम शास्त्री, सुमंत के रूप में प्रवीण तिवारीआदि ने अपने संवाद से समां बांध दिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आज रामलीला में एक और मार्मिक प्रसंग केवट प्रसंग की मानस लीला होगी। श्री तिवारी ने श्रद्धालुओ से दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

जनकपुरी जैसा भव्य स्वागत, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन

राम बारात का स्वागत संकट मोचन मंदिर समिति गुलौआ, श्री भोलाराम खत्री, पंचमठा मंदिर समिति के पुजारी महंत श्री कामतादास शर्मा एवं उनकी टीम, पार्षद श्रीमती पूजा श्रीराम पटेल, लोधी मोहल्ला दुर्गोत्सव समिति, वंदेमातरम दुर्गोत्सव समिति फूलसागर तथा जनता होटल के संचालक नीरज दुबे सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। विभिन्न स्थानों पर जनकपुरी सजाकर बारात का स्वागत किया गया। स्वागत की भव्यता ने राजा जनक द्वारा भगवान श्रीराम एवं उनके बरातियों के स्वागत की पौराणिक स्मृति को जीवंत कर दिया। मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर समिति के संचालक श्री अशोक मनोध्याय, सम्माननीय मंत्री जी के अनुज श्री लेखराज सिंह 'मुन्ना भैया', प्रणय गुप्ता, पार्षद श्रीमती प्रिया संजय तिवारी, केदारनाथ शर्मा, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, विजय नेमा, प्रमोद तिवारी, भूपेंद्र उपाध्याय, संजय तिवारी (चेरीताल), गनपत कोष्टा, राजेश नेमा, राजेश परोहा, कैलाश नेमा, अशोक बघेल, पंकज अवस्थी, देवेंद्र मनोध्याय, लोकमन पटेल, मदन गोपाल पटेल, नीरज दुबे, मोती शिवहरे, भोलाराम खत्री, विद्या केवट, आनंद मिश्रा, दीपक कोष्टा, पंचम सोनी, जितेंद्र सोनी, श्रीराम पटेल, हनुमत सिंह रघुवंशी, दिनेश मिश्रा, पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे, व्यास माधव दुबे, नितिन पटेल, राकेश मिश्र, श्याम मिश्रा, मुकेश मिश्रा, नरेश मिश्रा, प्रदीप गोस्वामी, सहित समिति के पदाधिकारी, स्थायी एवं आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

12 अक्टूबर को होगा श्रीराम विवाह और राम कलेवा का मंचन

श्री रामलीला समिति गढ़ा के तत्वावधान में सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को श्रीराम विवाह, राम कलेवा एवं मंथरा-कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन किया जाएगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीराम की दिव्य लीलाओं का पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

38वीं अखिल भारतीय रेलवे शतरंज प्रतियोगिता का समापन, पूर्व रेलवे बना चैंपियन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे में आयोजित 38वीं अखिल भारतीय रेलवे शतरंज प्रतियोगिता 2026-27 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने टीम स्पर्धा में विजेता पूर्व रेलवे को ट्रॉफी प्रदान की तथा पूर्व रेलवे, उपविजेता दक्षिण पूर्व रेलवे एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली दक्षिण रेलवे की टीमों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर दास सयंतन ने 6 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरनेशनल मास्टर उत्सव चटर्जी एवं ग्रैंडमास्टर विशाख एन. आर. ने 5½ अंक हासिल किए। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत की प्राचीन चतुरंग परंपरा से विकसित शतरंज केवल चालों का खेल नहीं है, बल्कि यह धैर्य, दूरदर्शिता, अनुशासन, साहस और विषम परिस्थितियों में सही समय पर सटीक निर्णय लेने की कला सिखाता है। ये गुण रेलवे के कार्यक्षेत्र में भी सफलता एवं उत्कृष्टता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने भारतीय रेल द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, पश्चिम मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को भविष्य में शतरंज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय रेल एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। व्यक्तिगत स्पर्धा के विजेताओं ने पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन तथा खिलाड़ियों के लिए की गई आवास, भोजन, परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने आयोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए इच्छा व्यक्त की कि आगामी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पुनः पश्चिम मध्य रेलवे में किया जाए।

मेजबान मध्यप्रदेश ने जीता प्रथम स्थान, महाराष्ट्र द्वितीय और छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान पर रहा

महापौर कप 10वीं राष्ट्रीय फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता–2026 का भव्य समापन



जबलपुर। रानीताल खेल परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बैडमिंटन इंडोर हॉल में आयोजित महापौर कप 10वीं राष्ट्रीय फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता–2026 का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे अभिलाष पांडे विधायक ,लखन घनघोरिया विधायक ,अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष ,अजय शुक्ला प्रांत अध्यक्ष क्रीड़ा भारती ,आयोजक अध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर ,आयोजक उपाध्यक्ष विवेकरंजन शुक्ला, प्रमुख श्वेता सिंह महिला प्रमुख क्रीड़ा भारती ,फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय महासचिव श्री नीरज कुमार, असीम त्रिवेदी रुपेश पटेल,वरुण दुबे ,अतुल द्विवेदी , गुड्डू नवी मंचासीन रहे । मंचासीन अतिथियो का स्वागत राजकुमार यादव महासचिव फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश ,आयोजक सचिव एडवोकेट जयराज चौधरी ने फूल मालाएं पहनाकर किया । दो दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा, फुर्ती, संतुलन एवं मार्शल आर्ट कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मेजबान मध्यप्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। महाराष्ट्र द्वितीय, छत्तीसगढ़ तृतीय, हरियाणा चतुर्थ तथा दिल्ली पांचवें स्थान पर रही।

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पुडुचेरी एवं तेलंगाना के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। लगभग 250 खिलाड़ियों की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में अपनी गति, तकनीक, शारीरिक क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। मुकाबलों में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मरक्षा, शारीरिक फिटनेस और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों मंचासीन अतिथियों ने पदक पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । वही आयोजन को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निर्णायक मण्डल की भूमिका निभा रहे रेफरियो एवं भारत से आए हुए कोच को स्मृति चिंह भेट कर सम्मानित किया । आयोजन समिति ने प्रतियोगिता में शामिल सभी राज्यों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, तकनीकी अधिकारियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नरेन्द्र त्रिपाठी ब्राह्मण समाज सिहोरा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



सिहोरा। समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष,शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी ब्राह्मण समाज सिहोरा के निर्विरोध नवीन अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए हैं। रविवार को दोपहर 12 बजे ब्राह्मण समाज सिहोरा के नवीन अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु अधिवक्ता राज किशोर तिवारी निर्वाचन अधिकारी एंव अनिरुद्ध त्रिवेदी सहायक निर्वाचन अधिकारी ने शुक्ल जी की बखरी के पास स्थित पंडित विशुद्धानंद पांडे भवन में प्रक्रिया प्रारंभ की जिसमें सबसे पहले मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ दावे आपत्ति के बाद अध्यक्ष पद हेतु नरेन्द्र त्रिपाठी के द्वारा नामांकन जमा किया चूंकि निर्धारित समय सीमा में किसी दुसरे प्रत्याशी ने नामांकन जमा नहीं किया था तो नाम निर्देशन पत्र की जांच के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नरेन्द्र त्रिपाठी को ब्राह्मण समाज सिहोरा का निर्विरोध नवीन अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया। त्रिपाठी के नाम का प्रस्ताव निवर्तमान अध्यक्ष संरक्षक राकेश पाठक ने किया था एंव समर्थन महामंत्री प्रवीण ने किया था। इस अवसर पर संरक्षक नंदकिशोर परौहा,अश्वनी कुमार पाठक,अशोक तिवारी,दिनेश गौतम,रवि दुबे,नारायण तिवारी,अरविंद उपाध्याय,सुनील तिवारी,गोपाल पाठक,माधव मिश्रा,प्रकाश दुबे,मुन्ना लाल गौतम,राजेश मिश्रा,प्रदीप कुमार प्यासी,सुरेन्द्र तिवारी,राज कुमार तिवारी, सुनील कुमार बडगैया अधिवक्ता,अश्वनी त्रिपाठी,नरेन्द्र खम्परिया,मानस तिवारी,अशोक उपाध्याय,अनिल कुररिया,राजेन्द्र गर्ग,सुधीर कुमार अवस्थी सहित अनेक अजीवन एंव साधारण सदस्य उपस्थित थे।

पचेलगढ़ रियासत के वंशज का किया गया सम्मान

सिहोरा। गोंडवाना साम्राज्य की पचेलगढ़ रियासत के वंशज कुंवर नीलेश प्रताप सिंह मरावी का गोंड समाज महासभा सिहोरा के द्वारा उनकी कुल देवी चंडी माई ग्राम खलरी में श्रीफल एवं फूल माला से सम्मान किया गया। विदित हो यह सम्मान उनके द्वारा किए गए निरंतर सामाजिक कार्यों तथा समाज के प्रति निष्ठा एवं समर्पण देखते हुए किया गया। उन्होंने कहा गया कि गोंडवाना साम्राज्य का 1740 वर्षों का गौरवशाली राजशाही शासन रहा है और गोंड आदिवासी समाज का इस देश और मातृभूमि के लिए अतुलनीय योगदान रहा है। वे समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करेंगे तथा गोंडवाना साम्राज्य की विरासतों के संरक्षण संवर्धन को लेकर भी कार्य करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आदिवासी समाज के संवेदनशील बिंदुओं जैसे शिक्षा,स्वास्थ,रोजगार,धर्मांतरण,विस्थापन आदि विषयों पर जोर देकर आदिवासी समाज को नई दिशा देने की बात कहीं। कार्यक्रम में गोंड समाज महासभा सिहोरा के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अग्रसेन जयंती पर चलित प्रसादम सेवा के द्वारा भोजन वितरण किया

जबलपुर। जबलपुर अग्रवाल सेवा समिति के सानिध्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चलित प्रसादम सेवा के द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला छोटे महावीर कोतवाली बाजार में महाराजाधिराज अग्रसेन भगवान की पूजन अर्चन अभिषेक हवन महाआरती के पश्चात चलते हुए राहगीरों के लिए भोजन वितरण किया गया। चलित प्रसादम सेवा के व्यवस्थापक डॉ सुधीर अग्गवाल ने बताया 4 अप्रैल 2011 से प्रतिदिन चल रही भोजन व्यवस्था में अभी तक 5617 दिन पूरे हुए जिसमें 21 लाख 6375 लोगों ने भोजन पाया है करोना में भी यह व्यवस्था चालू थी एवं राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के समय अयोध्या में जाकर 1लाख15 हजार लोगों को 10 दिन में वितरित किया था। इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल गुड्डू जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष निखिल अग्रवाल सुनील अग्रवाल कैलाश बब्बा जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन यतीश अग्रवाल करोड़ी लाल अग्रवाल मुकेश अग्रवाल अरुण अग्रवाल संजय अग्रवाल रुपेश अग्रवाल के के अग्रवाल बृजेश अग्रवाल धीरज अग्रवाल सीताराम निक्की गोविंदा उपस्थिति थे।



विकल्प रंजन शुक्ला का निधन



जबलपुर। जबलपुर निवासी भारतीय सूचना सेवा (**IIS**) के वरिष्ठ अधिकारी और आकाशवाणी रायपुर के समाचार संपादक विकल्प रंजन शुक्ल का शनिवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित नारायणी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से असामयिक निधन हो गया. वे लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक और सरकारी मीडिया में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे. उनके अचानक चले जाने से रायपुर के पूरे मीडिया और साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई. विकल्प रंजन शुक्ल ने अपने करियर में पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. उन्होंने दूरदर्शन और आकाशवाणी में समाचार संपादक के रूप में दीर्घकालिक सेवाएं दीं. इसके अलावा वे भारत सरकार की नोडल एजेंसी 'प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो' (**PIB**) में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके थे. अंतिम संस्कार रविवार को रायपुर में किया गया।

टारगेट टीम ने किया 108 शिक्षकों का सम्मान



मझौली। समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसायटी मझौली द्वारा नशा मुक्ति और युवा जागृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम के अंतर्गत 108 शिक्षकों का अंगवस्त्र,श्रीफल,कलम और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया।टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज में नशा नव युवकों को गलत राह की ओर ले जा रहा है और शिक्षक ही वह कड़ी है जो इस नशा मुक्ति कार्य में सबसे बड़े सहायक हो सकते है।मंच में विराजमान कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर मझौली के वरिष्ठ समाजसेवी संजय सराफ,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिप्रा चौरसिया,कार्यक्रम के संयोजक प्रतापभानु साहू, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गिरीश पालीवाल,नशा मुक्ति जन जागरण के संयोजक अमित राजपूत,मार्गदर्शक शिक्षक पुरुषोत्तम लाल पांडे रहे। नगर मझौली से प्रतिष्ठित एडवोकेट अंचल साहू,अतुल तिवारी,नवनीत राय,टारगेट टीम के सचिव विवेक यश कोष्टा,साक्षी गुंजन तिवारी,अनुराग पिसती दुबे,उमाकांत कोष्टा,अर्पित दुबे,सचिन चौधरी,आयुष श्रीवास्तव,देवेंद्र पटेल,शेखर कोष्टा, कार्तिक साहू,आदिदेव तिवारी,अभ्युदय तिवारी सहित सभी उपस्थित रहे। नशा मुक्ति जन जागरण के अमित राजपूत ने शिक्षक किस प्रकार नशा मुक्ति के कार्य को सफल बना सकते हैं विस्तार पूर्वक समझाया।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर शारदा मंदिर बरेला में किया वृक्षारोपण



बरेला। पितृ पक्ष के पावन अवसर पर पितरों की स्मृतियों को यादगार बनाने के लिए शारदा मंदिर बरेला में मन्दिर व्यवस्थापक पंडित आशीष शुक्ला, अभय शुक्ला के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर बरेला तहसीलदार सुधीर मिश्रा, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य डॉ, डीके गुप्ता, पटवारी रोहित पटेल, अमन चौरसिया, सन्तोष राय सहित स्थानीय नागरिको की उपस्थित रही।

ब्राम्हण युवक-युवती परिचय सम्मेलन हेतु बैठक सम्पन्न

बरेला। ब्राम्हण स्वंयवर संस्कार महासभा जबलपुर के तत्वाधान में परशुराम धाम बरेला में, परिक्षेत्र के विप्र बन्धुओं की बैठक युवक-युवती परिचय सम्मेलन हेतु सम्पन्न हुई, जिसमें दर्जनों गाँवो के विप्र बधु उपस्थित हुये बैठक संयोजक महेश मानव ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर स्वंयवर संस्कार महासभा के संस्थापक वीरेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष-मुन्ना लाल दुबे, महामंत्री-दिलीप दुबे, प्रांतीय महामंत्री - विनय मोहन मिश्रा, मंत्री-सी.एन. शुक्ला, परिक्षेत्र अध्यक्ष अरविंद तिवारी दिलीप पचौरी (गौर) ने अपने सम्बोधन में बताया, कि 22 नवम्बर 2026 को मानस भवन जबलपुर में ब्राम्हण युवक-युवती सम्मेलन आयोजित किया जायेगा साथ ही वैवाहिक पत्रिका 'नव जीवन' का विमोचन किया जायेगा । इस अवसर पर हरगोविंद दुबे, अरूणव दुबे (पड़वार), लक्ष्मण प्रसाद तिवारी (धनपुरी) अखिलेश नवेरिया (जमुनियाँ), दयाशंकर उपाध्याय, रमेश्वर उपा., विनम्र उपा. आनंद शुक्ला (कुड़ारी उमरिया), विजय दुबे (मलारा), पंकज पाठक हिनौतिया (भोई) ब्रजेश दुबे (महगवां देवरी) रनजीत चौबे, नीरज पाठक (खमरिया), सरपंच आलोक दुबे (महगवां), मिथलेश तिवारी (चौखड़ा), नीरज गर्ग (नीमखेड़ा), मिथलेश तिवारी (कोसमघाट), उमाशंकर उपाध्याय, राजेश उपा.(शारदा नगर) के साथ बरेला नगर अध्यक्ष-योगेश दुबे युवा अध्यक्ष-ज्ञानू प्यासी, नंदकिशोर उपाध्याय, गोविंद दुबे, पार्षद-श्रीकांत उपाध्याय,माधव शर्मा सी.एम. शर्मा, सुरेश तिवारी (मल्धा), रमेश तिवारी, रमेश उपाध्याय, धमेन्द्र दुबे, अरूण रावत आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में अभार प्रदर्शन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे द्वारा किया गया।

वजन बढ़कर 1900 ग्राम हो गया

32वें सप्ताह में जन्मी बच्ची डिस्चार्ज



जबलपुर। मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर में चिकित्सा विशेषज्ञता, समय पर उपचार और समर्पित टीमवर्क की बदौलत मात्र 1200 ग्राम वजन के साथ जन्मी एक समयपूर्व बच्ची को स्वस्थ एवं स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी गई। गर्भावस्था के 32वें सप्ताह में जन्मी इस बच्ची का डिस्चार्ज के समय वजन बढ़कर 1900 ग्राम हो गया था। गर्भावस्था के दौरान गंभीर सर्वाइकल इनकम्पीटेंस तथा एम्नियोटिक सैक के बाहर की ओर उभरने जैसी जटिलताएं सामने आई थीं। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में स्त्री रोग विशेषज्ञ कर्नल बोर्से द्वारा समय पर सर्वाइकल सर्कलेज की प्रक्रिया की गई, जिससे गर्भावस्था को 32वें सप्ताह तक आगे बढ़ाने में मदद मिली।जन्म के बाद बच्ची को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (**RDS**), सेप्सिस, एप्निया तथा ग्रेड-**II** इंट्रावेंट्रिकुलर हैमरेज (**IVH**) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। बाल रोग विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियंक अगस्त्य के मार्गदर्शन में नर्सिंग अधिकारियों की समर्पित टीम ने नवजात गहन चिकित्सा इकाई (**NICU**) में लगभग एक माह तक बच्ची की विशेष देखभाल की। इस दौरान उसे निरंतर चिकित्सकीय निगरानी, आवश्यक उपचार और समुचित नर्सिंग सेवाएं प्रदान की गईं।मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर के कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिमेष वत्स ने भी व्यापक चिकित्सा देखभाल के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और सहयोग सुनिश्चित किया। लगभग 1200 ग्राम वजन के साथ जीवन की शुरुआत करने वाली बच्ची का 1900 ग्राम वजन के साथ स्वस्थ एवं स्थिर स्थिति में अस्पताल से घर लौटना चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों और पूरी चिकित्सा टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप, विशेषज्ञ उपचार, समर्पित नर्सिंग सेवाओं और समन्वित टीमवर्क के महत्व को दर्शाती है। मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर की यह सफलता नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का उल्लेखनीय उदाहरण है।

हरिनाम संकीर्तन की मधुर धुनों पर झूमे भक्तजन, जयघोष से गूंजे मार्ग

जबलपुर। सार्वजनिक श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी,चेरीताल के संयोजकत्व में प्रतिपदा की शुभ तिथि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस बैठकी की प्रातःबेला में,श्री चैतन्य महाप्रभु,राधा नाम संकीर्तन मंडल,सनातनी ग्रुप,मानस संकीर्तन मण्डल,नर्मदा सेवा मिशन,नर्मदा जनजागरण चेतना मण्डल मण्डल,दुर्गा मंदिर महिला भजन मंडली,नर्मदा परिक्रमा समिति आदि अनेक मण्डलों की सहभागिता से पं.वासुदेव शास्त्री, पं.मनमोहन दुबे,पं. देवेंद्र त्रिपाठी, संतोष अग्रहरि के सानिध्य एवं अध्यक्ष देवेंद्र नेमा के मार्गदर्शन में श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण से विशाल संकीर्तन यात्रा, प्रभात फेरी निकाली गयी।जो पारिजात बिल्डिंग, सरस्वती उद्यान,शिवनगर, पंजाब बैंक कॉलोनी, श्री राम मंदिर,नरेश भवन चेरीताल आदि मार्गों से होते हुये पुनःमंदिर प्रांगण पहुँची एवं मातारानी,हनुमान जी की मंगल महाआरती व महाप्रसाद वितरण उपरांत संकीर्तन यात्रा का समापन हुआ। जय मातादी जयघोष के साथ लगभग 2 कि.मी.लम्बी संकीर्तन यात्रा पूर्ण सुव्यवस्थित और अनुशासित थी। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा, नरेंद्र साहू, देवव्रत सोनी, मोहित तिवारी, सुरेन्द्र गिरी, के एल दीक्षित, सत्यप्रकाश नामदेव, अमित विश्नोई, पप्पू चौबे, मंगलसिंह पटेल, पवन साहू, नवीन नेमा, अंकित बहरे आदि बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' की गई रिलीज

वन और वन्य जीव केवल प्राकृतिक संपदा ही नहीं, अमूल्य विरासत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्य प्राणी सप्ताह के समापन अवसर पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, मोहली में वन और वन्य प्राणी संरक्षण के लिये वन कर्मियों के समर्पण को प्रदर्शित करती लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' को रिलीज किया।

बांधवगढ़ के घने वन, बाघों की स्वच्छंद गतिविधियां और अनूठा प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, लेकिन प्रकृति की इस संपदा को सुरक्षित रखने के लिए जो वनकर्मी कठिन परिस्थितियों में दिन-रात काम करते हैं, उनकी कहानियां अक्सर अनकही रह जाती हैं। इन्हीं पहलुओं को लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' में दर्शाया गया है। समारोह में फिल्म का एक अंश भी प्रदर्शित किया गया।

फिल्म में है बाघों की दुनिया के लिए वनकर्मियों के समर्पण की कहानी



समाज की भागीदारी और जागरुकता आवश्यक : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास वन्य जीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन और वन्य जीव केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य विरासत हैं। इनके संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी और जागरूकता आवश्यक है। नियमित गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा, वन्य जीवों के स्वास्थ्य की देखभाल और मानव-वन्य जीव संघर्ष की आशंकाओं पर नजर रखना भी इसकी अहम जिम्मेदारियां हैं।

वन्य जीव संरक्षण में जुटे वन अमले की भूमिका

फिल्म वनों के इसी पक्ष से दर्शकों को परिचित कराएगी, जिसे सामान्य पर्यटक अक्सर नहीं देख पाते। लगभग 13 मिनट 13 सेकंड की यह फिल्म बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सौंदर्य, गौरवशाली इतिहास, समृद्ध जैव विविधता और बाघों के जीवन के साथ वन्य जीव संरक्षण में जुटे वन अमले की भूमिका को दर्शाती है। बांधवगढ़ जैसे बाघ बहुल क्षेत्र में संरक्षण केवल वन्य जीवों की निगरानी तक सीमित नहीं है।

संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का प्रयास

'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' का निर्माण 'उड़न गिलहरी' कंपनी ने किया है। फिल्म निर्माण में ओजैर और अमन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फिल्म से बांधवगढ़ की खूबसूरती के साथ उन वनकर्मियों और मैदानी कार्यकर्ताओं के समर्पण को भी पहचान मिलेगी, जो कठिन परिस्थितियों में इस प्राकृतिक धरोहर की रक्षा कर रहे हैं।

228 अधिकारी-कर्मचारी संभाल रहे वन सुरक्षा की जिम्मेदारी

उमरिया जिला स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए 228 अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात तैनात हैं। इनमें क्षेत्र संचालक, उप संचालक, 5 सहायक वन संरक्षक, एक वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, 10 वन क्षेत्रपाल, 11 उप वन क्षेत्रपाल, 31 वनपाल और 155 वनरक्षक सहित हाथी, महावत दल एवं वाहन चालक शामिल हैं। इनके साथ 101 स्थाईकर्मी, 37 टीपीएफ जवान और 583 ईडीसी श्रमिक भी वन सुरक्षा एवं संरक्षण कार्यों में योगदान दे रहे हैं। दुर्गम वन क्षेत्रों में गश्त, वन्यजीवों की निगरानी और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई कर यह अमला बांधवगढ़ की प्राकृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में जुटा है। संरक्षण व्यवस्था के सुचारु संचालन में क्षेत्र संचालक कार्यालय की टीम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां 32 कर्मचारी प्रशासनिक, वित्तीय, अभिलेखीय और तकनीकी कार्यों के माध्यम से मैदानी अमले को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराते हैं।

कॉलेज प्राध्यापकों एवं पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षक कार्यक्रम का शुभारंभ

युवाओं को कानून, सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिकता का पाठ पढ़ाएगी मप्र पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवाओं को कानूनों, मौलिक अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मप्र पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा एवं मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' पहल प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत कॉलेजों एवं विवि में विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं, संवाद सत्रों के माध्यम से कानून एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत

उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा ने बताया कि युवाओं को कानून, सुरक्षा एवं नागरिक जिम्मेदारियों की व्यवस्थित जानकारी देने के उद्देश्य से आठ क्रेडिट कोर्स तैयार किए गए हैं। नवीन आपराधिक कानूनों तथा इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन में पुलिस एवं प्राध्यापकों की भूमिका पर विचार रखे।

अजाक्स-सपाक्स पर केस दर्ज कराएगा कर्मचारी परिसंघ

भोपाल। पदोन्नतियों के साथ खिलवाड़ करके कर्मचारी-अधिकारी के मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले अजाक्स और सपाक्स संगठनों की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से शिकायत कर शासकीय कर्मचारी परिसंघ मामला दर्ज कराएंगा। शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, महासचिव राकेश प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितैषी बनने वाले अजाक्स-सपाक्स संगठन पदोन्नतियों को रुकवा कर कोर्ट के कानूनी दांव-पेंचों में उलझाकर उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे है। जैसे ही कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति का नंबर आता है। इन दोनों संगठनों के पदाधिकारी हाई कोर्ट जाकर कोर्ट केस का सहारा लेकर कानूनी दांव-पेच में पदोन्नतियों पर रोक लगवा देते है। अजाक्स-सपाक्स कर्मचारियों की पदोन्तियों को कोर्ट के माध्यम से रुकवा कर उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। इन दोनों संगठनों की अनीतिपूर्ण गतिविधियों के कारण ही प्रदेश में हजारों कर्मचारी अधिकारी बिना पदोन्नति ही सेवानिवृत हो गए। कर्मचारी परिसंघ उच्च न्यायालय में इनके विरुद्ध याचिका दर्ज करवा कर मानता रद्द करने की मांग करेंगे।

कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री ने दी पदोन्नति की सौगातः पाण्डेय

सुशील पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्ष 2026 में सभी जाति वर्ग धर्म एवं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों पदोन्नतियां प्रदान की गई है। किसी वर्ग को कोई भी शिकायत नहीं रही है। लेकिन आजाक्स-सपाक्स संगठन अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। अब समय आ गया है कि कर्मचारियों को मूर्ख बनाकर किसी भी संगठन के पदाधिकारी अपनी नेतागिरी नहीं कर पाएंगे। शासकीय कर्मचारी परिसंघ के आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी सामूहिक रूप से हाई कोर्ट जबलपुर में अक्टूबर में जनहित याचिका लगाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर दोनों संगठनों की मान्यता समाप्त करने की मांग की जाएगी।

34 देशों के 100 विदेशी टूर ऑपरेटर्स ने दिखाई गहरी रुचि, 7 नए देशों का हुआ विस्तार

दस वर्षों में 3,963 करोड़ का निवेश, 2027 तक 15 नए फाइव-स्टार होटल्स का विजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तीन दिन तक चले मप्र ट्रैवल मार्ट-2026 में 34 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 प्रमुख विदेशी टूर ऑपरेटर्स (एफटीओज) सक्रिय रूप से शामिल हुए। पिछले वर्ष जहां 27 देशों के 90 विदेशी प्रतिनिधि शामिल हुए थे, वहीं इस बार 7 नए देशों का विस्तार हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया,और स्पेन सहित विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और स्मारकों का गहन अध्ययन किया, जिससे आने वाले पर्यटन सत्रों में विदेशी पर्यटकों की आमद में भारी बढ़ोतरी तय है।



मिंटो हॉल में ट्रेवल मार्ट में एक्जीबिशन में चर्चा करते निवेशक।

टूर ऑपरेटर हिस्सेदारी से अंतर-प्रादेशिक नेटवर्क सुदृढ़

राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों के प्रवाह को गति देने के लिए देश के 15 राज्यों से 180 घरेलू टूर ऑपरेटर्स (डीटीओज) ने मार्ट में हिस्सा लिया। वर्ष 2025 के 150 घरेलू टूर ऑपरेटरों की तुलना में इस बार 20 प्रतिशत की ठोस वृद्धि देखी गई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए इन प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के प्रमुख व उभरते पर्यटन केंद्रों को अपने यात्रा कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए स्थानीय भागीदारों से अनुबंध किए, जिससे राज्य के लिए एक मजबूत अंतर-प्रादेशिक पर्यटन नेटवर्क स्थापित हुआ।

एक्जिबिशन में 177 स्टॉल्स की आधुनिक आतिथ्य और पारंपरिक हस्तशिल्प की दुनिया

ट्रैवल मार्ट में ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े 177 भव्य स्टॉल्स लगाए गए। इन स्टॉल्स के माध्यम से प्रतिष्ठित होटलों, रिसॉर्ट्स, ट्रैवल एजेंसियों, साहसिक खेल अकादमियों, शिल्पकारों और उभरते हुए ग्रामीण होम स्टे को एक साझा व्यावसायिक मंच मिला। खरीदारों और सेवा प्रदाताओं के बीच संवाद का माध्यम बने पर्यटन उद्योग के संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को एक ही स्थान पर जीवंत कर दिया।

सीहोर के रामगढ़ में एआरएम फूड्स का 848.40 करोड़ का वृहद निवेश का एमओयू

निवेश संवर्धन के क्षेत्र में सबसे बड़ा मील का पत्थर सीहोर जिले के रामगढ़ में स्थापित होने वाली मेगा परियोजना रही, जिसके लिए ए.आर.एम. फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 848.40 करोड़ के निजी निवेश का एमओयू किया गया। कंपनी के चेयरमैन एवं निदेशक अतुल अग्रवाल के नेतृत्व में प्रस्तावित इस परियोजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स, विला, वेलनेस रिसॉर्ट और लक्जरी होटल विकसित किया जाएगा। यह महत्वाकांक्षी उपक्रम क्षेत्र में 920 से अधिक कुशल व अकुशल युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

पर्यटक प्रशिक्षण में बड़े निवेश की पहल

ओरछा की धरोहर संरक्षण के लिए एसपीए, नई दिल्ली और 'द्रोणह' की श्रीमती शिखा जैन के साथ एमओयू हुआ। निवेश प्रस्तावों में एटमॉस्फियर ग्रुप ने उज्जैन, इंदौर और वन्यजीव क्षेत्रों में 500 करोड़, रेनी ग्रुप ने मांडू की लुनेरा सराय को 130 करोड़ में 'वेलकम होटल बाय आईटीसी' के रूप में विकसित करने और खजुराहो के कुटनी डैम पर वॉटरफ्रंट रिसॉर्ट सहित 290 करोड़ से अधिक तथा सर्व ग्रुप ने मढ़ई में 'ताज सफारीज' के साथ 100 करोड़ के अल्ट्रा-लक्जरी रिसॉर्ट सहित कुल 300 करोड़ के निवेश प्रस्ताव रखे गए।

जान-माल के नुकसान का खतरा

कटघोरा वन मंडल के पसान में दिखाई दिया 52 हाथियों का दल



सांकेतिक फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान क्षेत्र में 52 हाथियों के दल की मौजूदगी से ग्रामीणों में भारी दहशत है। हाथियों का खौफ अब बच्चों की पढ़ाई से लेकर ग्रामीणों की रातों की नींद तक छीन रहा है। हाथी तेलियामार के आसपास विचरण कर रहे हैं, जिसमें एक दंतैल हाथी अलग घूम रहा है जो सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है।

तेलियामार के दीपक मिशन स्कूल प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा को देखते हुए हॉस्टल में रह रहे बच्चों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है। तीन दिन पहले ही हाथियों के झुंड ने हॉस्टल में घुसकर दीवार तोड़ दी थी। साथ ही बगीचे को तहस-नहस करते हुए एक किसान के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। ग्रामीण अपने घर और खेत बचाने के लिए रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं।

वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

रविवार को हाथियों से सुरक्षा की मांग को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पसान थाने में बैठक कर गुहार लगाई है। पसान थाना प्रभारी ने प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने और हाथियों से दूरी बनाए रखने की समझाइश दी है। उन्होंने कहा है कि हाथियों के करीब न जाएं और बच्चों को अकेले न छोड़ें। वहीं वन विभाग की टीम लगातार हाथियों के झुंड पर नजर रखे हुए है। ग्रामीणों को हाथियों के पास जाने से रोका जा रहा है। वन विभाग का कहना है कि जो किसानों की फसल और मकान का नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कर उचित मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग निगरानी बढ़ाए और समय पर सुरक्षा व सूचना की व्यवस्था करे। सवाल यही है कि आखिर कब तक 52 हाथियों के खौफ में ग्रामीण अपनी रातें जागकर गुजारते रहेंगे।

अस्थि विसर्जन में साथ में न ले जाने से नाराज था मासूम छात्र

पांचवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग।

जिले के भिलाई के कुरूद क्षेत्र में नवीन चौक के पास पांचवीं कक्षा के एक छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक बालक की पहचान मनीष देवांगन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही जामुल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिजन बालक को अपने रिश्तेदार के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में साथ नहीं ले गए थे, जिससे वह नाराज चल रहा था।

पुलिस की शुरुआती पूछताछ के अनुसार, कुछ दिन पहले परिवार में



मनीष के बड़े पिता का निधन हुआ था। परिवार के सदस्य अस्थि विसर्जन के लिए जा रहे थे और बालक ने भी साथ जाने की इच्छा जताई थी। उस समय परिजनों ने किसी वजह से मनीष को साथ ले जाने से मना कर दिया था। इसके बाद से ही बालक मानसिक रूप से परेशान था।

सभी पहलुओं पर पुलिस कर रही विवेचना

जामुल थाना पुलिस की टीम ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारी परिजनों और आसपास के लोगों से बातचीत कर छात्र के व्यवहार तथा परिस्थितियों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। जांच अधिकारी यह भी पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि घटना से ठीक पहले छात्र के साथ क्या परिस्थितियां बनी थीं और क्या वह किसी अन्य बात को लेकर परेशान था। पुलिस का कहना है कि जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही घटना के सटीक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कोरबा एसपी ऑफिस की स्टेनो शाखा में पदस्थ था आरक्षक

पत्थलगांव में पेड़ पर लटका मिला आरक्षक का शव, पुलिस महकमे में छाई शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



फाइल फोटो।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्टेनो शाखा में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 640 नरहरि पटेल की लाश पत्थलगांव में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी मिली है। घटना की सूचना पत्थलगांव थाना पुलिस ने कोरबा पुलिस को फोन कर दी है। खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जा रहा है कि आरक्षक की लाश पेड़ पर सफेद रंग की चुन्नी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। ग्रामीणों की नजर जब पेड़ पर लटकी लाश पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पत्थलगांव थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान कार्रवाई शुरू की। पहचान होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन कोरबा से घटनास्थल पत्थलगांव के लिए रवाना हो गए हैं। आरक्षक ने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, यह अभी समझ से परे है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आरक्षक कोरबा से पत्थलगांव क्यों, कब और कैसे गया, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक आरक्षक 38 वर्षीय नरहरि पटेल पिता श्री गोवर्धन प्रसाद पटेल का है। वह 2013 बैच में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। उसकी वर्तमान तैनाती सिविल लाइन रामपुर में 27 सितंबर 2023 से थी, लेकिन वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्टेनो शाखा में पदस्थ था।

पुलिस कर रही हर एंगल पर जांच

आरक्षक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस परिवार में शोक छा गया है। व्हाट्सएप ग्रुप में साथी पुलिसकर्मी उसे श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साथी बताते हैं कि नरहरि बहुत ही सरल स्वभाव और सुलझा हुआ संतुलित बातें करने वाला पुलिसकर्मी था। वह सभी से मिलजुल कर रहता था। फिलहाल पत्थलगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद और पुलिस की वैधानिक कार्रवाई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही आरक्षक की मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मध्यान्ह भोजन लागत राशि को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

आंबेडकर पार्क की बेरिकेडिंग तोड़कर सीएम हाउस कूच, लिंक रोड दो घंटे तक रहा बंद



स्वसहायता समूह की महिलाओं का विरोध-प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को मध्यान्ह भोजन और सांझा चूल्हा योजना का चार महीने से मानदेय नहीं मिलने से नाराज स्व सहायता समूह की हजारों महिलाओं ने मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच किया। इसके बाद वे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले के सामने घंटों बैठी रहीं। आंबेडकर पार्क से शुरु हुए प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने सीएम हाउस की तरफ कूच किया। जिसके बाद वह लिंक रोड नंबर-1 स्थित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले के बाहर बैठ गईं, जिसकी वजह से लिंक रोड की दोनों तरफ दो घंटे तक जाम लगा रहा।

चार महीने बाद मिल रही सांझा चूल्हा की राशि

बघेल ने बताया कि सांझा चूल्हा योजना की राशि तीन से चार महीने की देरी से मिलती है। साथ ही योजना में रसोइया बहनों का मासिक मानदेय 500 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए करने और इसे समूह की लागत राशि से नहीं काटने की मांग की गई है।

एमवीएम ग्राउंड में होगा आयोजन

200 से अधिक स्टॉल पर मिलेंगे स्वदेशी उत्पाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आकर्षण का केंद्र

राजधानी में 23 से सजेगा 12 दिवसीय विशाल स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने, स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और समाज में स्वावलंबन की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भोपाल में 23 अक्टूबर से 12 दिवसीय विशाल स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा।

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला मिंटो हॉल के समीप एमवीएम ग्राउंड में आयोजित होगा। मेले में देशभर के स्वदेशी उत्पादों, भारतीय हस्तशिल्प, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वदेशी मेला



कार्यक्रम की जानकारी देते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी सतीश विश्वकर्मा एवं सीमा भारद्वाज।

संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के साथ स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। स्वदेशी मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों के साथ युवाओं को स्वदेशी विचार से जोड़ने के लिए नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

आयोजन के लिए समिति गठित

मेले के सुचारु संचालन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। सतीश विश्वकर्मा को मेला संयोजक बनाया गया है, जबकि विजय सोनी, दीपक वर्मा एवं रमन तिवारी को सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। सीमा भारद्वाज एवं शोभराज सुखवानी को भी प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन के लिए अलग-अलग कार्य समितियां भी गठित की गई हैं। प्रेसवार्ता में इस अवसर पर अखिल भारतीय सह मेला प्रमुख साकेत राठौर भी उपस्थित रहे।

खरीदारी भी स्वदेशी उद्यमियों का सम्मानः सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य छोटे से बड़े उद्यमियों को एक मंच देना है। कोशिश है कि दीपक, बाती, हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्थानीय उत्पाद बनाने वाले छोटे उद्यमियों के घर भी इस दीपावली समृद्धि और खुशहाली आए। मेले में पंच परिवर्तन, संस्कृति और महापुरुषों पर प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को खरीदे गए स्वदेशी उत्पाद उपहार में दिए जाएंगे। शाम 6 से रात 10 बजे तक विद्यालयों, संस्थाओं और विभिन्न भाषाई समुदायों द्वारा लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं भारतीय जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम होंगे।

खबर संक्षेप



आनंद राठी वेल्थ का लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आनंद राठी वेल्थ का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 122 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। पूंजी प्रबंधन क्षेत्र की इस कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 99.8 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 16 प्रतिशत बढ़कर 356.6 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 307 करोड़ रुपये था।

सैटकॉम कंपनियों को मिले स्टेक्ट्रम : एयरटेल

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यदि उपग्रह संचार (सैटकॉम)



कंपनियां मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम का उपयोग करना चाहती हैं, तो उन पर दूरसंचार कंपनियों के समान नियम लागू होने चाहिए। भारती एयरटेल के कॉरपोरेट मामलों के निदेशक एवं समूह के मुख्य नियामकीय अधिकारी राहुल वत्स ने ''इंडिया मोबाइल कांग्रेस'' (आईएमसी) में कहा कि डायरेक्ट-टू-डिवाइस प्रौद्योगिकी में उपग्रह सीधे मोबाइल फोन पर सिग्नल भेजते हैं।

पूनावाला फिनकॉर्प का लाभ पांच गुना होकर 375 करोड़

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पूनावाला फिनकॉर्प का सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना होकर 375 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से



ब्याज आय में वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 74 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। पूनावाला फिनकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,625 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,543 करोड़ रुपये थी।

एनटीपीसी ने सुविधाएं बढ़ाने ईओआई किए आमंत्रित

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने सह-उत्पादन परियोजनाओं में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी लेने की इच्छुक वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों से रुचि पत्र



(ईओआई) आमंत्रित किए हैं। इस पहल का मकसद भाप और बिजली की औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सह-उत्पादन सुविधाएं विकसित करने के अवसरों की तलाश करना है। इसके साथ ही कोयला, नवीकरणीय ऊर्जा और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) पर आधारित एकीकृत बिजली आपूर्ति समाधान भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

आरबीआई 25,000 करोड़ की प्रतिभूतियां करेगा नीलामी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 13 अक्टूबर को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत 25,000 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी



करेगा। आरबीआई ने इस नीलामी के लिए छह सरकारी प्रतिभूतियों की पेशकश की है। इनकी परिपक्वता अवधि मार्च 2030 से अप्रैल 2034 के बीच है। अधिसूचना के अनुसार, आरबीआई ने छह प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग बिक्री राशि तय नहीं की है। केंद्रीय बैंक को यह तय करने का अधिकार होगा कि प्रत्येक प्रतिभूति की कितनी राशि बेची जाए।

अक्टूबर में जियो सहित एक दर्जन कंपनियों का आएगा आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राथमिक बाजार में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की रफ्तार लगातार बनी हुई है। अक्टूबर में जियो प्लेटफॉर्म्स, जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस और अवाडा इलेक्ट्रो समेत करीब एक दर्जन कंपनियां अपना आईपीओ लाने की तैयारी में हैं इन कंपनियों के आईपीओ से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकर से मिली जानकारी के अनुसार, इस महीने आईपीओ लाने की तैयारी कर रही अन्य कंपनियों में फ्यूजन सीएक्स, एचडी फायर प्रोटेक्ट, टोन्बो इमेजिंग, बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशंस, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज, पारस हेल्थकेयर, एनडीआर इनविट ट्रस्ट, गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स और एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की दूरसंचार और डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ इस महीने का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा और 23 अक्टूबर को बंद होगा। इसके भारत का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होने की उम्मीद है।

निर्गम प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, रक्षा आदि क्षेत्र के

इस साल अब तक 96 आईपीओ आए

इस साल अबतक 96 आईपीओ के जरिये कंपनियों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है। इनमें अकेले सितंबर महीने में 35 आईपीओ बाजार में आए थे। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड की प्रबंध निदेशक और इक्विटी कैपिटल मार्केट्स प्रमुख नेहा अग्रवाल ने कहा कि वर्ष की दूसरी छमाही में भी भारतीय प्राथमिक बाजार में मजबूत गतिविधियां जारी हैं।



निर्गम के प्रति निवेशकों की रुचि बनी हुई है

हालांकि, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम के कारण कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए उपयुक्त समय का चयन करना पड़ सकता है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रति निवेशकों की रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों के पास उपलब्ध पर्याप्त पूंजी और विदेशी निवेशकों की चुनिंदा भागीदारी से सार्वजनिक निर्गम बाजार को समर्थन मिल रहा है।

विश्लेषकों ने कहा, निवेशकों की नजर ओपेक पर

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को लेकर अनिश्चितता तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अगले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका है। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए समझौते की उम्मीद से कीमतों में कुछ गिरावट भी आ सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- अमेरिका ईरान में बातचीत को लेकर अभी भी गतिरोध

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजर पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की मासिक तेल बाजार रिपोर्ट के साथ अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान (एपीआई) के साप्ताहिक भंडार आंकड़ों तथा अमेरिका सरकार की ओर से जारी कच्चे तेल के भंडार और आयात के आंकड़ों

खास बातें

- अमेरिकी सरकार के आयात आंकड़ो पर भी निवेशकों की नजर
- गतिरोध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं



भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले के बाद अमेरिका, यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य कार्रवाई में शामिल होने पर विचार कर रहा है। उनके इस बयान से क्षेत्र में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई है।

संघर्ष के विस्तार को लेकर चिंताएं बढ़ी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा कि संघर्ष के विस्तार से क्षेत्र के रास्ते होने वाली ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी शामिल है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर पिछले सप्ताह अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के वायदा भाव में 35 रुपये यानी 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 8,881 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ।

एमसीएक्स पर कच्चा तेल ऊपर बना हुआ

हालांकि, नवंबर अनुबंध 82 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 8,828 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। दमानी ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतें कूटनीतिक उम्मीदों और वास्तविक आपूर्ति में बने जोखिमों के बीच झूल रही हैं। युद्ध से पहले करीब 6,500 रुपये प्रति बैरल के स्तर के मुकाबले एमसीएक्स पर कच्चे तेल का 8,500 रुपये से ऊपर बने रहना दर्शाता है कि कीमतों में आपूर्ति जोखिम का बड़ा प्रीमियम अब भी शामिल है।''

कीमतों में और गिरावट आ सकती है

दमानी ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर निकट अवधि में कीमतों में और गिरावट आ सकती है। हालांकि, पिछले अनुभव बताते हैं कि केवल कूटनीतिक प्रगति से आपूर्ति में लंबे समय तक सुधार सुनिश्चित नहीं होता।

मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और अमेरिका तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं करेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों के लिए अमेरिका-ईरान कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़े घटनाक्रम महत्वपूर्ण बने रहेंगे।

सराफा के सीमित दायरे में कारोबार के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपए में कमजोरी से घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को सहारा मिलने और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से निवेशकों की धारणा तय होने के बीच अगले सप्ताह दोनों कीमती धातुओं में सीमित दायरे में कारोबार होने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के मुताबिक, कारोबारियों की नजर भारत, चीन और अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। चीन के व्यापार आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के भाषणों से भी बाजार को संकेत मिलेंगे कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक अक्टूबर में ब्याज दर बढ़ाएगा या इस फैसले को दिसंबर तक टाल देगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं जिंस और मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''आगे कीमतों में सीमित दायरे में कारोबार रहने की संभावना है, हालांकि रुख थोड़ा सकारात्मक रह सकता है। रुपये में कमजोरी वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव के मुकाबले घरेलू बाजार को सहारा दे रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में पिछले सप्ताह दिसंबर में आपूर्ति वाले सोने के वायदा भाव में 1,109 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत की बढ़त हुई और यह 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि, चांदी का वायदा भाव 122 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 2.25 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ।

- रुपए की कमजोरी से सोने-चांदी को सहारा



रुपए में कमजोरी से आयातित सोने की मांग बढ़ती है

त्रिवेदी ने कहा, ''रुपये में कमजोरी से आयातित सोने की लागत बढ़ जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों पर दबाव होने के बावजूद एमसीएक्स पर सोने को सहारा मिलता है। मुद्रा विनिमय का यह असर कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में मामूली गिरावट के मुकाबले घरेलू कीमतों को सहारा देता रह सकता है।''

राष्ट्रीय इस्पात नीति 2047 का मसौदा जारी

कच्चे इस्पात का उत्पादन 60.4 करोड़ करने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने देश के इस्पात क्षेत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से नयी राष्ट्रीय इस्पात नीति-2047 का मसौदा जारी किया है। इसके तहत वर्ष 2047 तक भारत की कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 60.4 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति के मसौदे अनुसार, 2047 तक तैयार इस्पात की मांग 50.5 करोड़ टन, प्रति व्यक्ति इस्पात खपत 302 किलोग्राम और इस्पात निर्यात 4.5 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस्पात उत्पादन की कुल लागत में कच्चे माल की हिस्सेदारी लगभग 65 से 70 प्रतिशत होती है। भारत लौह अयस्क के मामले में काफी हद तक आत्मनिर्भर है, लेकिन कोकिंग कोयले की लगभग 92 प्रतिशत जरूरत को आयात से पूरा करता है। इस निर्भरता को कम करने के लिए सरकार घरेलू खनन को बढ़ावा देने, कोल वॉशरी की क्षमता बढ़ाने, विदेशों में खनन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कोयला मिश्रण के महत्तम इस्तेमाल पर ध्यान देगी।

- उद्देश्य, भारत की आयात पर निर्भरता कम करना

कार्बन उत्सर्जन कम करने की नीति

इन इकाइयों को कच्चे माल की बेहतर उपलब्धता, आधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने, कौशल विकास और कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करना भी नई नीति की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

देश के कुल कार्बन उद्योग में इस्पात की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत

देश के कुल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी लगभग 10 से 12 प्रतिशत है। भारत में प्रति टन कच्चे इस्पात के उत्पादन पर औसतन 2.54 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है, जबकि वैश्विक औसत 1.92 टन है। इस अंतर को कम करने के लिए ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, नवीकरणीय बिजली के उपयोग, कबाड़ आधारित इस्पात उत्पादन को प्रोत्साहित करने और हाइड्रोजन के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है।

कंपनी के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा विप्रो और एचसीएल टेक जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और कच्चे तेल की चाल से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशकों की नजर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों, रुपये की चाल, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी रहेगी। शोध

- विप्रो और एचसीएल के परिणाम का पड़ेगा असर



विश्लेषक फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर पहले सितंबर माह के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रहेगी। यदि आंकड़े उम्मीद से अधिक ऊंचे रहते हैं, तो इससे रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में और सख्ती की चिंताएं दोबारा उभर सकती हैं।

ऑडी स्थानीय स्तर पर बनाएगी इलेक्ट्रिक कार

एजेंसी ▶▶| पणजी

जर्मनी की लक्जरी कार कंपनी ऑडी भारत में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक कार (बीईवी) का स्थानीय विनिर्माण करने पर विचार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य अगले तीन से पांच साल में लक्जरी कार बाजार में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी कर 15-16 प्रतिशत तक पहुंचाना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि कंपनी की रणनीति तीन प्रमुख स्तंभ पर आधारित है। इनमें ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान देना, नए उत्पाद पेश करना और डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार करना शामिल है। कंपनी की फिलहाल लक्जरी कार बाजार में करीब आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है।

- कंपनी लग्जरी कार बाजार में हिस्सेदारी दोगुना करेगी



जर्मनी की इस वाहन विनिर्माता कंपनी की योजना प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का लाभ उठाकर भारत में अधिक मॉडल पेश करने की भी है। इसके जरिये कंपनी स्थानीय विनिर्माण का फैसला करने से पहले भारतीय बाजार में इन मॉडल की मांग और बिक्री की संभावनाओं को परखना चाहती है। ढिल्लों ने कहा, ''हम स्थानीय स्तर पर निर्मित बैटरी इलेक्ट्रिक कार पेश करने पर विचार कर रहे हैं। इस बारे में अगले कुछ महीनों में फैसला होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''हमारा इरादा अगले तीन से पांच साल में बाजार में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी करने का है।

निर्यात के अवसर बढ़ने की संभावना

ढिल्लों ने प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय वाहन उद्योग के लिए निर्यात के अवसर बढ़ने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा, ''इससे कारों के निर्यात का अवसर भी मिलेगा। यह जरूरी नहीं कि ऑडी ही निर्यात करे, बल्कि भारतीय वाहन उद्योग को इसका लाभ मिल सकता है। दोनों पक्ष अपने-अपने बाजारों का 95 प्रतिशत हिस्सा खोल रहे हैं।''

ब्रिगेड एंटरप्राइजेज की बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष में बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत बढ़कर 9,000 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। कंपनी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्यम आय वर्ग और प्रीमियम आवास की मजबूत मांग से बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। बेंगलुरु स्थित



ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने पिछले 40 साल में 300 से अधिक परियोजनाएं विकसित की हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक पवित्रा शंकर ने कहा कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है। खासकर प्रति अपार्टमेंट एक करोड़ रुपये से तीन करोड़ रुपये की कीमत वाले घरों की मांग अच्छी है।

विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एसएलआर में कटौती जरूरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने वाले विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में कटौती करनी चाहिए। कांत ने कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना विनिर्माण क्षेत्र के लिए अल्पकालिक समाधान है, लेकिन लंबी अवधि में कारोबार की लागत घटाने के लिए एसएलआर में कटौती जैसे कदम उठाने की जरूरत है। इससे कर्ज की लागत कम हो सकती है। कांत ने कहा, ''भारत के लिए 18 प्रतिशत का वैधानिक तरलता अनुपात बहुत अधिक है। मैं इसे कम करने का बड़ा समर्थक हूं, क्योंकि लंबी अवधि में विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज की उपलब्धता बढ़ाना अहम होगा। एसएलआर का उचित स्तर बताए बिना पूर्व नौकरशाह ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि के लिए कर्ज की लागत घटाना और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना जरूरी होगा। एसएलआर के तहत बैंकों को अपनी शुद्ध मांग और देनदारियों यानी जमा का एक अनिवार्य हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करना होता है। एसएलआर को कुछ साल पहले घटाकर 18 प्रतिशत किया गया था और तब से यह इसी स्तर पर बना हुआ है।

- नीति आयोग के पूर्व सीईओ कहा, विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिले



विनिर्माण क्षेत्र रोजगार के अवसर पैदा करता है

कांत ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार के अवसर पैदा करता है, जो भारत जैसे देश के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने भूमि अधिग्रहण को भी अहम बताया। कांत ने कहा, ''हमें यह देखना चाहिए कि चीन और उसके साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले वियतनाम तथा मेक्सिको जैसे देश आसान भूमि अधिग्रहण या लंबी अवधि के लिए जमीन पट्टे पर देने के जरिये अपने विनिर्माण क्षेत्र को किस तरह समर्थन दे रहे हैं।''

अमेरिकी उद्योगपति मस्क ने अंबानी पर फिर साधा निशाना

मस्क का अंबानी समर्थकों पर बेतुके तर्क देने का आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने भारत में अपनी उपग्रह इंटरनेट सेवा 'स्टारलिंक' शुरू करने को लेकर भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी पर रविवार को एक बार फिर निशाना साधा और उनके समर्थकों के तर्कों को ''पाखंडपूर्ण और बेतुका'' बताया। मस्क ने कहा कि अंबानी के समर्थक एक ओर दावा करते हैं कि स्टारलिंक उनकी कंपनी की सस्ती इंटरनेट सेवाओं का मुकाबला नहीं कर सकती, जबकि दूसरी ओर उसे एक बड़ा प्रतिस्पर्धी भी बताते हैं। मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि स्टारलिंक के आने से भारत में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आम लोगों को

- अंबानी के समर्थकों के तर्क को पाखंडपूर्ण और बेतुका बताया



बातों को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया

मस्क ने कहा, ''एक ओर वे कहते हैं कि स्टारलिंक भारत में अंबानी के लगभग एकाधिकार वाले कारोबार की बेहद सस्ती सेवाओं का मुकाबला नहीं कर सकती। वहीं, दूसरी ओर वे यह भी दावा करते हैं कि स्टारलिंक एक बेहद मजबूत प्रतिस्पर्धी साबित होगी। यह पूरी तरह पाखंड है और बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना है।''

मस्क ने कहा अंबानी का मुनाफा कम हो सकता है

मस्क ने कहा कि इससे अंबानी का मुनाफा कम हो सकता है, ''लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि अगर भारत में स्टारलिंक की सेवाएं बहुत महंगी होंगी, तो लोग उन्हें नहीं खरीदेंगे और ऐसे में कंपनी को अपनी सेवाओं की कीमतें किफायती रखनी होंगी। मस्क ने कहा कि अंबानी के ऑनलाइन समर्थकों के ''बेतुके तर्कों'' का कोई मतलब नहीं है।

प्रतिस्पर्धा बढ़ने से भारत में लोगों का फायदा होगा

अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपति ने कहा कि वास्तव में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से भारत के आम लोगों को काफी फायदा होगा, क्योंकि उन्हें अधिक विकल्प मिलेंगे। मस्क ने कहा, ''अंबानी का मुनाफा कम होगा लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा। जाहिर है कि अगर भारत में स्टारलिंक बहुत महंगी होगी तो कोई उसकी सेवा नहीं खरीदेगा इसलिए 'स्पेसएक्स' को कीमतें किफायती रखनी होंगी।''

अंबानी उपग्रह संचार सेवाएं शुरू करने की दौड़ में

मस्क ने पोस्ट ऐसे समय में साझा की है जब वह भारत में स्टारलिंक की उपग्रह बॉडबैंड (सैटकॉम) सेवाओं की शुरुआत में लगातार हो रही देरी को लेकर मुकेश अंबानी की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। अंबानी की कंपनी भारतीय दूरसंचार बाजार की प्रमुख कंपनियों में शामिल है और उपग्रह संचार सेवाएं शुरू करने की दौड़ में भी है।

चिंतन

नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, इसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसकी एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिनसे सार्वजनिक परिवहन, अस्पतालों, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।

सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएँ और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा उस समय अधिक तेज हो गई, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं



शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं। भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस बहस में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होंगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दूबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनकी याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है। इन्हें विशेष अवसर दिए बगैर तीन आने वाली स्थिति नहीं ही बदलने वाली। उनके इस भाषण को लोकसभा के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक भाषणों में से एक माना जाता है। चुनाव तो वे 1962 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर में जवाहरलाल नेहरू से भी हारे थे लेकिन उनकी उस हार में भी एक नैतिक चमक थी, जबकि कन्नौज सीट को लेकर हाईकोर्ट से मिली हार मतगणना में उन्हें मिली जीत की भी नैतिक चमक छीन लेने वाली थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कर्मों से उपार्जित सुख

संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

जब झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

अंतर्मन



आज की पाती

बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामाजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनवाए जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - पूजा नरवाल, सोनीपत

करंट अफेयर

ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना

ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और नई शुरुआत जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, ' 'इस महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाते हुए इन आयोजनों को गैर-राजनीतिक रखा गया है। इनमें सार्वजनिक सेवा, समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और सभी भारतीयों की सफलता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है।' इस बीच, ब्रिटिश भारतीय समुदाय ने 17 अक्टूबर को पश्चिमी लंदन के रुइस्लिप में एक सामुदायिक समारोह आयोजित करने की योजना की घोषणा की है।



ऑफ बीट

क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



ट्रेंड

दैवीय शक्ति की उपासना



दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जनता की आवाज़

'मोगैंबो मोदी' ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज़ को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे कितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें-मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सपनों की उड़ान



हरियाणा की बेटी अर्शिया गोस्वामी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती! धाकड़ बेटी ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की डेडलिफ्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

विपक्ष का दबाव



जब विपक्ष का दबाव बहुत ज़्यादा बढ़ा, तो रातों-रात सारी व्यवस्थाएँ हटा दी गईं। यह सरकार किसी मटके की तरह लुढ़कती रहती है, एक किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मैहर में शारदीय नवरात्र मेला धूमधाम से शुरू: पहले दिन 1.30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां शारदा के दर्शन







सतना/मैहर। त्रिकूट पर्वत पर स्थित मां शारदा के धाम मैहर में रविवार तड़के से शारदीय नवरात्र मेले का भव्य और उत्साहपूर्ण शुभारंभ हो गया है। पर्व के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना के साथ देश के कोने-कोने से पहुंचे 1 लाख 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने कपाट खुलते ही मां के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

अलसुबह 3:30 बजे खुले मंदिर के कपाट

नवरात्र के पहले दिन रविवार को तड़के 3 बजे मंदिर के प्रधान पुजारी पवन महाराज द्वारा विधि-विधान से मां शारदा का प्रथम रूप मां शैलपुत्री के रूप में श्रृंगार और पूजन किया गया। इसके बाद ठीक 3:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। दर्शन का यह सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर रात तक अनवरत जारी रहा। 52 शक्तिपीठों में शुमार मैहर धाम में मध्य रात्रि से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम और हाई-टेक निगरानी

देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। व्यवस्था बनाए रखने के लिए 650 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।भीड़ पर पैनी नजर रखने के लिए पूरे परिसर में 114 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए ड्रोन कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

भक्तों में भारी उत्साह

प्रधान पुजारी पवन पांडेय ने बताया कि पहले दिन दोपहर तक ही सत्तर हजार से अधिक भक्त मां के दर्शन लाभ ले चुके थे,और कुल आंकड़ा 1.30 लाख के पार पहुंच गया। पुलिस और मंदिर प्रशासन की बेहतर व्यवस्था के चलते श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के श्रद्धा और उल्लास के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। मैहर की त्रिकूट पहाड़ियां 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठी हैं।

थाने में केक काटकर मनाया मासूम का जन्मदिन, चेहरे पर लौटी मुस्कान

सिवनी। बरघाट के साप्ताहिक बाजार के दौरान एक करीब 04 वर्षीय बच्चा बाजार में अकेला घूमता हुआ मिला। बाजार में भीड़-भाड़ होने से बच्चा अपने परिजनों से बिछड़ गया था।सूचना मिलते ही बरघाट थाना पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित थाना लाया गया। बच्चे की पहचान एवं परिजनों का पता लगाने हेतु सोशल मीडिया एवं आस-पास के ग्रामों में तत्काल सूचना प्रसारित की गई।थाना स्टाफ द्वारा बच्चे से प्रेमपूर्वक पूछताछ करने पर बच्चे ने अपना नाम शिवांश परते एवं पिता का नाम विनोद परते बताया। जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा बच्चे के पिता को थाना बुलाया गया, सत्यापन उपरांत मासूम शिवांश को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द किया गया।पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि आज ही दिनांक 10/10/2026 को मासूम शिवांश का जन्मदिवस भी है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए थाना बरघाट स्टाफ द्वारा थाने में ही केक मंगवाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बालक शिवांश का जन्मदिन मनाया गया।

देसी शराब पीने के बाद युवक की बिगड़ी तबीयत, खून की उल्टियां

छतरपुर। जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुपी चौकी क्षेत्र में देसी शराब के सेवन के बाद एक युवक की तबीयत बिगडने का मामला सामने आया है। खून की उल्टियां होने पर परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, कुपी गांव निवासी नरेंद्र यादव (32) ने शनिवार को देसी शराब का सेवन किया था। शाम करीब चार बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में गोलू यादव ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में निजी स्थानों पर कथित रूप से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। परिजनों ने कुपी चौकी प्रभारी जगदीश शिवहरे की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

सिविल लाइन पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, महिला का पर्स लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार





सतना।पुलिस ने शहर में मोटरसाइकिल से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में 9 अक्टूबर को एक महिला को डरा-धमका कर पर्स लूटने की घटना सामने आई थी। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने सिविल लाइन और कोलगवां थाना क्षेत्र भरहुत नगर में महिलाओं के साथ हुई लूट की वारदातों को स्वीकार किया। नगर पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम गोपाल उर्फ राधे वंशकार निवासी उतैली और कुंदन वंशकार निवासी संग्राम कॉलोनी है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और लूटी गई नकद राशि बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीती विश्वकर्मा और उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

सोनवारी गांव में दिल दहला देने वाली वारदात, घर में सो रहे किसान की हत्या

मैहर। कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनवारी गांव में रविवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। खेत पर बने घर के बरामदे में खाट पर सो रहे 40 वर्षीय किसान रज्जन सिंह पटेल की धारदार हथियार से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई।

चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने आईं उनकी पत्नी अंजना,बेटी रागनी,बेटा अनिकेत और बुजुर्ग दादी लल्ली सिंह पर भी हमलावरों ने वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सीएसपी महेंद्र सिंह और थाना प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को सिविल



अस्पताल पहुंचाया,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

आखिर पहाड़ की गोद में कैसे समा गई देवी मां की कन्या साधक?



हरपालपुर। जिले के हरपालपुर नगर में सैकड़ों फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित मां अद्रधकुंवारी का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लोकमान्यता के अनुसार, सैकड़ों वर्ष पहले दुर्गा मां की एक अनन्य साधक कन्या हल्दी लगाए पहाड़ पर पहुंची थी, जहां पहाड़ में दरार हुई और वह उसमें समा गई। मान्यता है कि उसी स्थान पर माता की सूक्ष्म पिंडी प्रकट हुई, जिसके बाद से यहां मां अद्रधकुंवारी की पूजा-अर्चना की जाने लगी।

जिला मुख्यालय छतरपुर से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग 300 सीढ़ियां चढऩी पड़ती हैं। मंदिर में सुबह चार बजे माता की आरती होती है, जबकि नवरात्र की अष्टमी पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। भक्त दूर-दराज से पहुंचकर माता के दरबार में अपनी मनोकामनाओं की अर्जी लगाते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था है कि मां अद्रधकुंवारी के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता।

दो बारातों के विवाद से जुड़ी है लोककथा

स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार, एक निर्धन परिवार की कन्या दुर्गा मां की कठोर साधक थी। लोककथा के मुताबिक, संयोगवश एक ही दिन दो बारातें उससे विवाह करने पहुंच गईं, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। घबराई कन्या शरीर पर हल्दी लगाए पहाड़ पर पहुंची और देवी मां का स्मरण करने लगी। मान्यता है कि इसी दौरान पहाड़ में दरार हुई और कन्या उसमें समा गई। जब लोग उसे खोजते हुए वहां पहुंचे, तो उन्हें हल्दी के निशानों के बीच एक सूक्ष्म पिंडी दिखाई दी। तभी से इस स्थान पर मां अद्रधकुंवारी की पूजा होने की मान्यता प्रचलित है। नवरात्र की अष्टमी पर उमड़ते हैं हजारों श्रद्धालु समय के साथ श्रद्धालुओं के सहयोग से पहाड़ पर मंदिर का निर्माण हुआ और दर्शन के लिए सीढ़ियां बनाई गईं। पहाड़ की ऊंचाई को देखते हुए सीढ़ियों के किनारे सुरक्षा के लिए रेलिंग भी लगाई गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था हेतु पहाड़ पर पानी की टंकी बनाई गई है। नवरात्र के दौरान सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो जाता है। विशेषकर अष्टमी की रात माता के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

गोपाल बाग में दिखा 15 से 20 फीट लंबा विशालकाय अजगर, ग्रामीणों को अलर्ट मवेशियों को खुला छोड़ने से बचने की सलाह, अंधेरे में अकेले जाने से भी किया गया सतर्क

रीवा। जिले के गोविंदगढ़ स्थित ऐतिहासिक गोपाल बाग में विशालकाय अजगर दिखाई देने की सूचना से इलाके में हलचल मच गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाग परिसर में नजर आए अजगर की लंबाई करीब 15 से 20 फीट बताई जा रही है। सार्वजनिक स्थल और आसपास के ग्रामीणों की आवाजाही वाले क्षेत्र में इतने बड़े सर्प के दिखाई देने की खबर के बाद लोगों में चिंता बढ़ गई है।

एहतियात के तौर पर आसपास के लोगों को सतर्क रहने और झाड़ियों की ओर जाने से बचने की सलाह दी गई है।गोपाल बाग ऐतिहासिक महत्व वाला स्थल है। यहां आसपास के ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। बाग के आसपास कई स्थानों पर झाड़ियां और घनी वनस्पति मौजूद हैं। ग्रामीण अपने मवेशियों को चराने के लिए भी इन क्षेत्रों में जाते हैं। ऐसे में अजगर दिखाई देने की सूचना के बाद उन लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, जो रोजाना बाग के आसपास से गुजरते हैं या अपने पशुओं को चराने के लिए वहां ले जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अजगर को गोपाल बाग में रेंगते हुए देखा गया। उसकी लंबाई 15 से 20 फीट के आसपास होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, अजगर की वास्तविक लंबाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घनी झाड़ियों और सुनसान हिस्सों में उसके छिपे होने की आशंका को देखते हुए लोगों को अनावश्यक रूप से वहां जाने से बचने की सलाह दी गई है।विशेषकर शाम ढलने के बाद और रात के समय झाड़ियों की ओर अकेले जाने से बचना चाहिए। यदि किसी आवश्यक काम से उस क्षेत्र में जाना पड़े, तो पर्याप्त रोशनी का इंतजाम रखें और आसपास के वातावरण पर ध्यान दें। बच्चों को भी बाग के सुनसान और झाड़ियों वाले हिस्सों में अकेले न जाने दें।

बकरियों और मवेशियों को खुला छोड़ने से बचें

गोपाल बाग के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के लिए अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी सावधानी बरतना जरूरी है। बकरियों, गाय-बछड़ों और अन्य पालतू पशुओं को झाड़ियों के आसपास खुला छोड़ने से बचें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें और चराई के लिए ऐसी जगहों का चयन करें, जहां घनी झाड़ियों में वन्यजीव के छिपे होने की आशंका न हो। ग्रामीणों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी सर्प की मौजूदगी की आशंका वाले क्षेत्र में पशुओं को अकेला न छोड़ें। यदि झाड़ियों में कोई हलचल दिखाई देती है, तो उसके पास जाकर जांच करने के बजाय सुरक्षित दूरी बनाकर संबंधित अधिकारियों को सूचना दें।

अजगर दिखे तो न छेड़ें, न पकड़ने की कोशिश करें

अजगर दिखाई देने पर उसे देखने के लिए भीड़ जुटाना या उसके करीब जाकर फोटो और वीडियो बनाने की कोशिश करना जोखिम भरा हो सकता है। लोग उससे पर्याप्त दूरी बनाए रखें और उसे घेरने, भगाने या पकड़ने का प्रयास न करें। सर्प को परेशान करने से स्थिति खतरनाक हो सकती है।

स्कूल में घुसकर डिप्टी कमांडेंट ने छात्र को पीटा: बेटे के सहपाठी से मारपीट

परिजन बोले- गर्दन पकड़कर तीसरी मंजिल से फेंकने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।बालाघाट जिले के गर्रा मांझापुर स्थित साहूटोला सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 36वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट संतोष डहेरिया पर अपने बेटे के सहपाठी से मारपीट करने का आरोप लगा है।पीड़ित छात्र के परिजन शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। छात्र की मां ममता वासनिक का आरोप है कि डिप्टी कमांडेंट ने उनके बेटे की गर्दन पकड़कर उसे तीसरी मंजिल से फेंकने की धमकी दी। घटना के बाद से बच्चा डरा हुआ है।

परिजनों के अनुसार, घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:50 बजे की है। दोनों बच्चे एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। स्कूल में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद एक बच्चे ने अपने पिता को इसकी जानकारी दी।आरोप है कि इसके बाद डिप्टी कमांडेंट स्कूल पहुंचे और सीधे कक्षा में जाकर अपने बेटे के सहपाठी की पिटाई कर दी। परिजनों का कहना है कि छात्र ने गाली देने और धमकी देने की बात भी बताई है।

परिजनों ने एसपी से की शिकायत

छात्र की मां ममता वासनिक ने एसपी से शिकायत कर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने पहले मामले को दबाने का प्रयास किया।उनका कहना है कि स्कूल के शिक्षक घर भी पहुंचे थे और मामले में शिकायत नहीं करने की बात कही थी। हालांकि, बच्चे के साथ भविष्य में कोई अनहोनी न हो, इस आशंका के चलते परिवार ने पुलिस से शिकायत की।स्कूल की प्राचार्य पूर्णिमा देशमुख ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद शिक्षक कक्षा में पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि स्कूल के नियमों के विपरीत आचरण के मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित बालक को टीसी दे दी गई है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच का भरोसा दिलाया है। फिलहाल, मामले में आगे की कार्रवाई जांच के बाद होगी।

गलत उपचार की शिकायत करने वाली महिला की मौत

रीवा। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा के चिकित्सकों पर कथित रूप से गलत उपचार किए जाने का आरोप लगाकर शिकायत करने वाली महिला की मौत का मामला सामने आया था। महिला की आगजनी से मौत के बाद उनके उपचार, बीमारी से जुड़ी परिस्थितियों और शिकायत पर हुई कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले में पुलिस की जांच महत्वपूर्ण होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के तिलखन गांव की निवासी मिथिलेश सिंह अपने परिवार से अलग होकर रीवा के बोदाबाग क्षेत्र में रह रही थीं। बताया जाता है कि उन्होंने कुछ समय पहले कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते हुए संजय गांधी अस्पताल के चिकित्सकों पर गलत उपचार किए जाने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपने उपचार और न्याय के लिए प्रशासन से मदद मांगी थी। जानकारी के मुताबिक, शिकायत के बाद कलेक्टर की ओर से उनके निशुल्क उपचार की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, महिला को इसके बाद किस तरह की चिकित्सा सुविधा मिली और उनके उपचार की वास्तविक स्थिति क्या रही, इस संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बताया गया है कि महिला बीमारी के उपचार के लिए चार दिन पहले दिल्ली के वेदांता अस्पताल गई थीं, लेकिन कथित तौर पर आर्थिक कठिनाइयों के कारण वहां उपचार नहीं हो सका। इसके बाद वह दो दिन पहले रीवा लौट आई थीं। अब उसकी मौत की सूचना सामने आई।

पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को किया निलंबित

शहडोल। कर्तव्य के दौरान मनमानी और अनुशासनहीनता बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने सख्त तेवर अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना जयसिंहनगर के एफआरवी वाहन पर तैनात आरक्षक प्रहलाद सिंह को अपनी ड्यूटी का अनधिकृत उपयोग करना भारी पड़ गया। आरक्षक द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के और उच्च अधिकारियों को अंधेरे में रखकर एफआरवी वाहन का मनमाने ढंग से उपयोग किया गया, जिसके चलते मौके पर अप्रिय स्थिति पैदा हो गई। इस गंभीर अनुशासनहीनता और लापरवाही को थाना प्रभारी व वरिष्ठ अधिकारियों ने बेहद गंभीरता से लिया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ब्यौहारी द्वारा सौंपे गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर एसपी डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आरक्षक प्रहलाद सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

संचालक पर लोहे की रॉड से हमला, मौके पर पहुंचे एसपी एवं एडिशनल एसपी

सनसनीखेज वारदात: विनय ज्वेलर्स में डकैतों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

शहर के गणेश वार्ड स्थित गुजरी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। यहां गुजरी बाजार के विनय ज्वेलर्स शॉप में हथियारबंद बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया। डकैतों ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे के तार काटने के बाद ताला तोडकर करीब 160 ग्राम सोने के आभूषण व चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।

इस दौरान दुकान संचालक राजेश खरवड़े ने साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का मुकाबला किया, लेकिन डकैतों ने लोहे की रॉड से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। राजेश खरवडे को



नागपुर रेफर किया गया है, जहां वे आईसीयू में भर्ती हैं। नवागत एसपी विदिता धनखड और एडिशनल एसपी मनकामना प्रसाद ने मौका ए वारदात का मुआयना कर डकैती प्रभावित परिवार से चर्चा की।

जानकारी के अनुसार, करीब छह बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। इनमें से तीन बदमाश दुकान के अंदर घुसे, जबकि अन्य बाहर निगरानी कर रहे थे। बदमाशों ने जैसे ही ताला तोड़कर आभूषण समेटने शुरू किए, आहट पाकर दुकान में सो रहे, संचालक राजेश खरवड़े की नींद खुल गई। गौरतलब है कि, राजेश खरवडे की दुकान भूतल पर है और मकान पहली मंजिल पर स्थित है।

हार्ट सर्जरी के बावजूद दिखाया साहस

राजेश खरवडे के हार्ट मरीज होने के बावजूद उन्होंने जान की परवाह किए बिना बदमाशों का सामना किया और एक बदमाश को दबोच भी लिया। यह देख दूसरे एक बदमाश ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद लहूलुहान अवस्था में राजेश ने पहली मंजिल पर जाकर परिजनों को घटना से अवगत कराया।

लाखों के आभूषण ले उड़े बदमाश

संचालक विनय खरवड़े के अनुसार, बदमाश दुकान से लगभग 160 ग्राम सोने के जेवर जिनमें पेंडेंट, लॉकेट, चेन और ईयर रिंग शामिल हैं तथा चांदी के ब्रेसलेट व अन्य जेवर चुरा ले गए। हालांकि, गनीमत यह रही कि वे दुकान में रखे मुख्य लॉकर को तोड़ने में सफल नहीं हो सके। चोरी गए सामान की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है।

पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

यह वारदात गुजरी बाजार स्थित घनी आबादी वाले गणेश वार्ड में हुई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गुजरी बाजार में वर्षों से पुलिस का गश्ती पॉइंट रहा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पुलिस की नियमित मौजूदगी नहीं दिख रही थी। लोगों ने क्षेत्र में तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाने और स्थायी गश्ती पॉइंट फिर से शुरू करने की मांग की है। इस घटना ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी है। गौरतलब है कि पांढुर्णा की नवागत पुलिस अधीक्षक विदिता धनखड़ ने शुक्रवार को ही जिले में आमद दी थी और शनिवार को उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण करना था।

आज नौसेना में होगा शामिल

दुश्मन की पनडुब्बियां उथले पानी में भी मंगरोल से नहीं बच पाएंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उथले पानी में भारत की मारक क्षमता और मजबूत होने वाली है। पनडुब्बी रोधी युद्धपोत शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) मंगरोल 12 अक्तूबर को नौसेना में शामिल होगा। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि की तरफ से निर्मित यह इस प्रकार का तीसरा युद्धपोत है। तटीय और उथले पानी में पानी के भीतर के खतरों का पता लगाने तथा उनका मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया मंगरोल आधुनिक हथियारों व सेंसरों से लैस है। समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन करेंगे।

स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर समेत कई खूबियां

इनमें अभय हल-माउंटेड सोनार, हल्के वजन के टॉरपीडो, एक स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर और मारीच उन्नत टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम शामिल हैं। तीन डीजल इंजनों से चलने वाला यह पोत उथले पानी में ऑपरेशन के दौरान आसानी से और तेजी से मुड़ने की क्षमता रखता है। यह पानी के नीचे निगरानी रखने, कम तीव्रता वाले समुद्री ऑपरेशन और माइन वॉरफेयर (सुरंग युद्ध) से जुड़े काम करने में भी सक्षम है।



खतरों का पता लगाकर तुरंत निपटता है

यह जहाज समुद्री गश्ती विमानों, हेलिकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर पनडुब्बी से जुड़े खतरों का पता लगाने और उनसे निपटने का काम कर सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के पत्तन, बंदरगाहों और तटीय इलाकों की सुरक्षा करने की क्षमता बढ़ेगी।

80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री

80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना मंगरोल युद्धपोत के डिजाइन, निर्माण तथा उन्नत हथियारों व सेंसर को जोड़ने के मामले में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दिखाता है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत सीएसएल की तरफ से बनाया गया यह जहाज, रक्षा क्षेत्र में जहाज बनाने के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और अहम कदम है।

'मंगरोल' नाम गुजरात के बंदरगाह के नाम पर

नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मंगरोल'। नामकरण का आधार गुजरात के जूनागढ़ जिले का तटीय शहर और मछली पकड़ने का प्रमुख काम करने वाला बंदरगाह 'मंगरोल'।

इन आधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस

- भारत के स्वदेशी युद्धपोत पर 'अभय' हल-माउंटेड सोनार, हल्के वजन के टॉरपीडो मौजूद रहेंगे
- एक स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर और 'मारीच' उन्नत टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम भी इंस्टॉल है
- वाटरजेट प्रोपल्शन (जल-नौदन प्रणाली) वाले तीन डीजल इंजनों से चलने वाला यह पोत उथले पानी में ऑपरेशन के दौरान आसानी से और तेज़ी से मुड़ने की क्षमता से लैस
- यह जहाज़ समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर पनडुब्बी से जुड़े खतरों का पता लगाने और उनसे निपटने के काम में सक्षम
- एम-85 की दिलाएगा याद
- गुजरात के जूनागढ़ जिले के एक तटीय शहर और प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाह मंगरोल के नाम पर इसका नाम रखा गया है। यह पोत पूर्ववर्ती आईएनएस मंगरोल (एम-85) की विरासत को आगे बढ़ाता है जो एक सुरंगरोधी पोत था। उसने 07 अप्रैल, 2004 तक भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं दी थीं



श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की ज्योति विसर्जन यात्रा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ बम्लेश्वरी धाम, डोंगरगढ़ के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा विगत चैत्र नवरात्रि के नवमी पर्व पर आयोजित ज्योति विसर्जन महायात्रा के दौरान 962 महिलाओं द्वारा सिर पर ज्योति कलश धारण कर परम्परानुसार ज्योति विसर्जन यात्रा करने के विहंगम व अद्भुत क्षण को विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है।

पहाड़ी पर कांसे की आवाज वाले पत्थर पर विराजी मां गरजाई

परमेश्वर यादव ▶▶ रसेला

चरवाहे की एक भूल से जुड़ी अनूठी लोककथा





नवरात्रि-2 दिन

गरियाबंद जिले के रसेला के पास माता का गरजाई धाम क्षेत्र के लोगों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। घने जंगलों से घिरे पहाड़ों के ऊपर स्थित है गरजाई। जैसा मां का नाम वैसी ही अपनी उपस्थिति का संकेत देती है मां गरजाई। अनगिनत पत्थरों के बीच 510 सीढियां के ऊपर सबसे ऊंची पहाड़ी में स्थित है मां गरजाई। मूल रूप से धमना के जंगलों के पहाड़ी डोंगरी में विराजित मां गरजाई की ख्याति अब दूर-दूर तक फैल रही है। लोककथा के अनुसार मां गरजाई धमना की डोंगरी में अपनी बहन सोनई रुपाई के साथ दरबार लगा कर बैठी थी कि एक चरवाहा वहां अपनी भेड़ खोजते अचानक पहुंच गया। माता गरजाई देवी ने उससे कहा कि वह वापस जाकर अपने घर में भेड़ को देखे। चरवाहा घर लौटा तो भेड़ को अपनी जगह बंधा देखकर आश्चर्यचकित रह गया। उसने यह बात परिवार सहित धमना के लोगों को बताई। गांव वालों के साथ चरवाहा अपने परिवार के साथ उसी जगह पर पहाड़ी के जगह पर गया जहां जिस जगह पर देवी बैठी थी। उस जगह पर लाल कमल का फूल दिखाई दिया। पहाड़ी के ऊपर किसी के नहीं मिलने पर गांव वालों ने चरवाहे की खूब हंसी उड़ाई। इससे परेशान होकर चरवाहे ने पुनः उस कमल फूल को याद कर गांव वालों की हंसी उडाने की बात कही। चरवाहे की विनती सुनकर मां ने अपने स्थान पर अपना वाहन सिंह को गांव में भेजा। धमना सहित पूरे जंगल में शेर के आने की खबर से लोगों में दहशत फैल गई। तब गांव के लोगों ने क्षमा मांगते हुए मां के रहने के जगह की जानकारी मांगी। तब मां ने अपने बैठने के स्थान को कांसा की झंकार की आवाज आने की बात कही। गांव वालों ने जंगल के ऊपरी पहाड़ी में स्थित सभी पत्थरों को बजाकर देखा। जहां पर एक पत्थर से कांसे की झंकार की आवाज आती थी। उसी पत्थर के स्थान को लोगों ने मां गरजाई का स्थान माना। गांव वालों का विश्वास है कि नवरात्रि में विशेष पूजा अर्चना से गांवों में देवी-देवताओं का छत्र छाया बनी रहती है। मां गरजाई धाम में 55 गांवों के देवी देवताओं को पूजा पाठ के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन सभी देवी-देवताओं की ग्रामीण पूजा करते हैं, लेकिन मुख्य पूजा गरजाई माता की होती है।

रमई पाठ धाम में विराजी हैं सीता मैया, आम की जड़ से निकल रहा बारहमासी जल





तेजराम ध्रुव ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोरिद खुर्द से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित रमई पाठ धाम धार्मिक आस्था, प्राकृतिक रहस्यों और प्राचीन धरोहरों का अनूठा संगम है। यहां प्राचीन प्रतिमाएं, प्राकृतिक जलस्रोत और वन क्षेत्र श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार यहां आठवीं शताब्दी से जुड़ी प्राचीन प्रतिमाएं मौजूद हैं। रमई पाठ में गादी माई की गोद में सीता मैया के विराजमान होने की मान्यता है। हर वर्ष शारदीय और चैत्र नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाते हैं। आम की जड़ से निकलता है बारहमासी जल रमई पाठ धाम की सबसे खास विशेषताओं में यहां स्थित गंगा मैया का प्राकृतिक जलस्रोत शामिल है।

मैसूरु में पारंपरिक दशहरा उत्सव शुरू

मैसूरु। महलों के शहर मैसूरु में 11 दिन तक चलने वाले प्रसिद्ध दशहरा उत्सव की शुरुआत रविवार को धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ हुई। कोप्पल के गविमठ के



पुजारी अभिनव गविसिद्धेश्वर महास्वामीजी ने उत्सव का उद्घाटन किया। 'नाडा हब्बा' (राज्य उत्सव) के रूप में मनाया जाने वाला दशहरा या 'शरण नवरात्र' उत्सव इस साल काफी भव्य होने की उम्मीद है। इस दौरान कर्नाटक की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ राजसी वैभव और गौरव की झलक भी देखने को मिलेगी। स्वामीजी ने मैसूरु और वहां के राजघरानों की आराध्य देवी चामुंडेश्वरी की प्रतिमा पर फूल बरसाकर उत्सव की शुरुआत की। यह कार्यक्रम चामुंडी पहाड़ियों पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर परिसर में हुआ, जहां पुजारियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया और यह शुभ 'धनुर लग्न' के दौरान किया गया।

बेटे की सड़क किनारे और घर के बाथरूम में मिली मां की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

जिले में मां-बेटी की दोहरे हत्याकांड की घटना से लोग अभी उबर भी नहीं पाए थे और एक बार फिर से मां-बेटे के दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। पहले बेटे का शव महावीरपुर में सड़क के किनारे मिला। युवक के शव को गाड़ दिया गया था। दिनभर की मशक्कत के बाद पहचान करते हुए जब पुलिस मृतक के घर पहुंची तो वहां का मंजर देखकर हैरान रह गई। घर के अंदर बाथरूम में उसकी मां की लाश भी पड़ी हुई थी। एक तरफ जहां बेटे की धारदार हथियार से हत्या की गई थी, वहीं महिला की हत्या गला दबाकर किए जाने की बात सामने आई। घर व बाथरूम में संघर्ष के निशान मिले हैं। इस अंधे कत्ल से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच चल रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि शनिवार की सुबह जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महावीरपुर एनएच 43 से लगी ग्रामीण सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला था। हत्यारों ने शव को दफन किया था, लेकिन जल्दबाजी में वे ठीक से शव को दफन नहीं कर पाए और उसका पैर बाहर रह गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को बरामद कर मर्च्युरी में भेजने के साथ ही मृतक की पहचान की जा रही थी। दिनभर की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान 18 वर्षीय सुजल बरेट के रूप में की गई थी। सुजल बरेट अपनी मां रजनी बरेट के साथ बिश्रामपुर के केशवनगर ममता कालोनी में किराए के मकान में रहता था और कार्मेल स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस टीम देर शाम मृतक के घर पहुंची लेकिन वहां बाहर से ताला लगा हुआ था। बेटे की मौत और घर पर ताला लगा होने पर पुलिस ने आस पास के लोगों को मौके पर बुलाने के बाद घर का ताला तोड़कर घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान जब पुलिस बाथरूम में पहुंची तो उनके होश उड़ गए। घर में सुजल की मां रजनी की भी लाश पड़ी हुई थी। रात होने के कारण पुलिस ने घर को सील कर दिया था।



घटना की जांच में जुटी पुलिस

रविवार को पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। पुलिस, फॉरेंसिक, व डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाने के साथ ही घटना की जांच कर रही है लेकिन फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

नेपाल में फिर बाढ़, 35 मकान डूबे, पुल ढहे

अब लैंडस्लाइड का खतरा, अलर्ट

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल के गोरखा जिले के चुमनुब्री गांवपालिका में रविवार सुबह अचानक भीषण बाढ़ आ गई। बूढ़ी गंडकी नदी में आई बाढ़ से पैयू और बगर गांवों के 35 मकान बह गए। बाढ़ के कारण कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है, जबकि कई मोटर पुल और झूला पुल भी बह गए हैं। अब लैंडस्लाइड का खतरा है।

प्रशासन ने नदी के निचले तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। गोरखा के प्रमुख जिला अधिकारी धरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर बड़ी बाढ़ आने की सूचना मिली। स्थिति का जायजा लेने के लिए नेपाली सेना का हेलीकॉप्टर भेजने की तैयारी की जा रही है। बाढ़ में आरुघाट गांवपालिका के सोती और मान्बु को जोड़ने वाला मोटर पुल बह गया। पुलिस की मानें तो चुमनुब्री गांवपालिका के न्याकचेत में न्याकचेत और सिर्दिबास को जोड़ने वाला पुराना झूला पुल भी बह गया है। धार्चे गांवपालिका के माछीखोला से केरौजा को जोड़ने वाला झूला पुल और आरुघाट गांवपालिका और 3 गावों को जोड़ने वाला सोती स्थित लोहे का पक्का पुल भी बाढ़ की चपेट में आकर बह गया।

नदी किनारे रह रहे लोगों के लिए अलर्ट

चुमनुब्री गांवपालिका के अध्यक्ष निमा लामा के मुताबिक, गांवपालिका स्थित चुम्के खोला में भूस्खलन के कारण नदी का बहाव रुक गया था। इसके बाद अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ पूर्वानुमान महाशाखा ने लोगों को सतर्क करने के लिए एसएमएस अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी नदी किनारे रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। बाढ़ से दोभान, घट्टेखोला, जगत और सल्लेरी गांवों में भारी तबाही मची है।

जगत में लैंडस्लाइड का खतरा, 6 लोग एयरलिफ्ट

नेपाल के पीएम बालेन शाह ने भी बताया कि बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़ के बाद, नेपाली सेना की एक टुकड़ी को सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए हवाई और जमीनी रास्तों से तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, जगत इलाके से 6 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया है, जहां लैंडस्लाइड का खतरा है। काठमांडू में तैनात कम्पोजिट क्विक रिएक्शन टीम को भी हवाई ट्रांसपोर्ट के जरिए बताए गए इलाके में तैनात किया गया है।

9 साल का बच्चा बना दुनिया के लिए मिसाल, लगा रहा 1 लाख करोड़ पौधे



बर्लिन। जनवरी 2007 में जर्मनी में नौ साल के फेलिक्स फिंकबाइनर चौथी कक्षा में थे तो उन्हें क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) पर प्रेजेंटेशन देना था। इसी पर पढ़ते हुए उनको वंगारी मथाई की कहानी के बारे में पता चला, जिनके ग्रीन बेल्ट मूवमेंट ने केन्या में महिलाओं को 3 करोड़ पेड़ लगाने में मदद की थी। फेलिक्स ने अपने प्रेजेंटेशन को इस सुझाव के साथ खत्म किया कि हर देश के बच्चों को दस लाख पेड़ लगाने चाहिए। इसके बाद ये ऐसा आंदोलन बना, जिसके चलते एक ट्रिलियन पेड़ लगाने का शानदार काम किया जा रहा है। यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम के अनुसार, जो चीज एक स्कूल प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी, वह सिर्फ तीन साल बाद एक बहुत बड़ी उपलब्धि तक पहुंच गई, जब इस पहल के तहत जर्मनी में दस लाखवां पेड़ लगाया गया। इस पहल का मकसद दुनिया को एक ट्रिलियन (10 खरब) पेड़ फिर से उगाने में मदद करना है। यह एक ग्लोबल लक्ष्य है, ना कि कोई ऐसा वादा कि एक ही संस्था खुद सारे पौधे लगाएगी। स्कूल में पढ़ने वाले इस लड़के ने 13 साल की उम्र में अपना संदेश यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली तक पहुंचाया। आज, फिंकबाइनर संस्था की पॉलिसी टीम के साथ मिलकर पेड़ लगाने और संरक्षण का काम आगे बढ़ा रहे हैं। प्लांट-फॉर-द-प्लैनेट ने प्रोजेक्ट में 3.6 करोड़ से पेड़ लगाए हैं, जबकि इसके प्लेटफॉर्म के जरिए 110 मिलियन (11 करोड़) पेड़ों के लिए फंडिंग की गई है। इसके पेड़ लगाने और संरक्षण के कामों में मेक्सिको, घाना और स्पेन के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

अस्थि विसर्जन में ले जाने से मना करने पर पांचवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपने बड़े पिता के अस्थि विसर्जन में साथ ले जाने परिजनों ने पांचवीं के छात्र को मना करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। जामुल पुलिस ने बताया कि नवीन चौक जामुल निवासी छात्र मनीष देवांगन के बड़े पिता का निधन हो गया था। जिसका अस्थित विसर्जन करने के लिए परिजन राजिम जाने के लिए निकल रहे थे। तभी मनीष भी उनके साथ जाने के लिए जिद्द कर रहा था। परिजनों ने उसे साथ ले जाने से इंकार कर दिया। आक्रोशित होकर मनीष ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को को फंदा से उतारकर पंचनामा किया और पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। पुलिस परिजनों से पूछताछ भी कर रही है। घटना से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।



ऐसा हर जगह क्यों नहीं हो सकता?

ओडिशा का बाबेइजोड़ा गांव साफ-सफाई के मामले में बना मिसाल

नई दिल्ली। ओडिशा के बाबेइजोडा गांव ने साफ-सफाई के मामले में मिसाल कायम की है। इस गांव के साफ-सफाई की काफी तारीफ हो रही है। गांव 15 साल से कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बना हुआ है। अब तो उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भी इस गांव की तारीफ कर दी। साथ ही उन्होंने देश के अन्य गांव और शहरों में इसी तरह के मिशन अपनाने की अपील की है। बाबेइजोडा गांव की तारीफ में की गई हर्ष गोयनका की पोस्ट पर काफी लोगों ने प्रतिक्रियाएं दी हैं। दरअसल, हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बाबेइजोडा गांव का वीडियो शेयर किया है। यह ओडिशा के मयूरभंज जिले के बिसोई ब्लॉक में स्थित छोटा सा आदिवासी गांव हैं। बाबेइजोडा गांव की साफ-सफाई की तारीफ करते हुए हर्ष गोयनका ने सवाल उठाया कि क्या ऐसे ही मिशन दूसरे गांवों और शहरों में नहीं अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'मज़बूत कम्युनिटी भावना की वजह से ओडिशा का बाबेइजोडा गांव पिछले 15 सालों से साफ़-सुथरा, कचरा-मुक्त और प्लास्टिक-मुक्त बना हुआ है।



लोगों की प्रतिक्रियाएं

एक यूजर ने तो सवाल उठाते हुए लिखा, "पेड़ कहां है? क्या कूड़ा-रहित जीवन जीने का यही तरीका है। वीडियो में तो मुझे काफी गर्मी महसूस हो रही है। मुझे लगता है कि यह गांव का आदर्श मॉडल नहीं है। अगर किसी को सच में ऐसा करना है तो मिजोरम आ जाइए. वहां के गांव सचमुच साफ-सुथरे हैं। क्यों? क्योंकि लोग जिम्मेदारी लेते हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा कि मुझे लगता है कि बड़े शहरों में व्यापक सोच की कमी है। हम संकीर्ण मानसिकता वाले हो जाते हैं, इसलिए इधर-उधर कूड़ा फेंकते हैं और अपने समुदाय की परवाह नहीं करते। मेरा मानना है कि हम सभी को इस गांव से सीख लेनी चाहिए और बेहतरी के लिए प्रयास करना चाहिए।

एकदम साफ दिख रहीं गांव की सड़कें

वीडियो में बाबेइजोडा की सड़कें एकदम साफ दिख रही हैं। साथ ही लोगों के घर भी चमकीले रंगों से रंगे हुए हैं। वीडियो में कहीं पर भी रास्ते में कचरा नहीं नजर आ रहा है। जब हर्ष गोयनका ने इस गांव की तरह अन्य गांव और शहरों में मिशन चलाने को लेकर सवाल किया तो लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोग तो हर्ष गोयनका के सुझाव से सहमत दिखे तो कुछ ने इस तरह के मिशन चलाने के लिए आने वाली चुनौतियों की ओर इशारा किया।

ग्रेटर नोएडा के एक निवासी को सीसीटीवी कैमरे ने अनाउंसमेंट के जरिए सिखाया सबक

'इधर आओ! कूड़ा क्यों डाला वहां..' रात के सन्नाटे में आई आवाज से घबराया शख्स

एजेंसी ▶▶ नोएडा

स्वच्छ भारत अभियान और स्मार्ट सिटी की निगरानी का असर अब रात के अंधेरे में भी साफ नजर आने लगा है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-1 में एक शख्स रात के सन्नाटे में सड़क किनारे कचरा फेंककर जा रहा था, तभी अचानक लाउडस्पीकर से गूंजी आवाज ने उसे चौंका दिया। घबराए शख्स ने तुरंत अपना फेंका हुआ कचरा उठा लिया। यह पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

एक्स पर शेयर किया गया वीडियो

इस वीडियो को एक्स पर शेयर किया गया है। वीडियो में एक शख्स दीवार के पास कचरे से भरी पॉलीथिन फेंककर जाने लगा। तभी स्मार्ट सिटी सीसीटीवी कैमरे से जुड़े स्पीकर से भारी आवाज गूंजी- "कूड़ा यहां से उठाओ हेलो! भाई, इधर आओ, इधर आओ कूड़ा क्यों डाला वहां पे? उठाओ इसको!" सड़क पर सन्नाटा था। अचानक खुद को संबोधित करती आवाज सुनकर शख्स पूरी तरह भौचक्का रह गया। वह इधर-उधर देखने लगा कि आवाज कहां से आ रही है।



कचरा उठाओ नहीं तो चालान कटेगा

तभी दोबारा चेतावनी दी गई- "सुबह चालान कटेगा आपका, सर आ गए आप कैमरे में कूड़ा उठाओ वहां से भाई, अभी उठा लो।" चालान और कैमरे में कैद होने की बात सुनते ही शख्स घबरा गया। वह तुरंत वापस लौटा, अपना फेंका हुआ कचरा उठाया और वहां से चला गया। स्थानीय स्तर पर इस पहल की तारीफ की जा रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद लोग साफ-सफाई को लेकर जागरूकता की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। स्थानीय लोगों की राय है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने की आदत रोकने के लिए जागरूकता के साथ नियमों का पालन भी जरूरी है।

रात-दिन कैमरे से की जाती है निगरानी

सेक्टर बीटा-1 के महासचिव हरेंद्र भाटी के मुताबिक, यह घटना कल रात करीब 10:15 बजे की है। उनके अनुसार, सेक्टर में रहने वाला एक व्यक्ति घर से कूड़ा लेकर आया और दीवार के किनारे उसे फेंककर जाने लगा। इसी दौरान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी कर रहे व्यक्ति ने पब्लिक अनाउंसमेंट के जरिए उसे कूड़ा तत्काल उठाने को कहा। भाटी ने बताया कि सेक्टर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निगरानी के जरिए खुले में कूड़ा फेंकने वालों को चिन्हित किया जाता है और जरूरत पड़ने पर चालान की कार्रवाई कराई जाती है।

रील बनाना पड़ा महंगा, कोबरा ने स्नेक कैचर की ले ली जान

एजेंसी ▶▶ पुरी

सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में खतरनाक स्टंट करना एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। ओडिशा के पुरी जिले में घर के बरामदे में जहरीले कोबरा के साथ वीडियो बनाते समय मशहूर स्नेक कैचर तपन कुमार प्रधान की मौत हो गई। तपन कुमार प्रधान को सांप द्वारा डसने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तपन कुमार प्रधान जहरीले सांपों को पकड़ने और उनके साथ वीडियो बनाने के लिए जाने जाते थे। वह इंस्टाग्राम पर भी सांपों को संभालते हुए वीडियो शेयर करते थे, जिनमें से कई सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। तपन कुमार प्रधान की मौत की घटना ने सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए खतरनाक गतिविधियों में शामिल होने के जोखिम को एक बार फिर उजागर किया है।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

कोबरा के काटने के बाद परिजन तपन को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे. उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बाद में उन्हें पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

खबर संक्षेप

क्रॉम्पटन ने पेश किया स्मार्ट जल नियंत्रक

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 'इंटेलीसेंस स्मार्टप्रो' नाम से नया वायरलेस जल स्तर नियंत्रक पेश किया है। इसमें मोटर नियंत्रण पैनल और जल स्तर नियंत्रक की सुविधाएं एक साथ दी गई हैं। कंपनी के अनुसार, यह उपकरण अतिरिक्त तारों की जरूरत कम करने, पानी की बर्बादी रोकने और मोटर की सुरक्षा में मदद करेगा। पारंपरिक व्यवस्था में छत पर बनी टंकी और नीचे लगे पंप के बीच तार बिछाने पड़ते हैं। बहुमंजिला इमारतों में इससे स्थापना का खर्च और काम बढ़ जाता है।

स्टार हेल्थ का जागरुकता रोड शो संपन्न

भोपाल। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में 39 दिनों तक चले स्वास्थ्य बीमा जागरुकता रोड शो का समापन किया। इस अभियान के तहत राज्य के 45 शहरों और कस्बों में करीब 5 लाख लोगों तक स्वास्थ्य बीमा का संदेश पहुंचाया गया। अभियान में शामिल दो विशेष वैन ने लगभग 9,840 किलोमीटर की यात्रा की। कंपनी के मध्य प्रदेश बिजनेस हेड नितिन मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा अचानक आने वाले चिकित्सा खर्चों के वित्तीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है।

एशियन पेंट्स का 'बेफिक्र उत्सव' अभियान

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स ने अपनी ब्यूटीफुल होम्स पेंटिंग सर्विसेज के तहत 'बेफिक्र उत्सव' अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य घर की सजावट, रंगों के चयन और रंग-रोगन की पूरी प्रक्रिया को सहज बनाना है, ताकि परिवार उत्सव के खास पलों पर ध्यान दे सकें।। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिंगल ने कहा कि विवाह और त्योहार जैसे अवसरों पर घर को नया रूप देने की प्रक्रिया भी सहज होनी चाहिए।

एक सप्ताह में कीमतों में तेज उछाल, स्टॉकिस्टों हुए हावी


दालों के दाम में उबालः तुअर दाल 145 रुपए तो उड़द दाल 170 रुपए प्रति किलो पहुंची

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

त्योहारों से पहले बढ़ी बाजार की हलचल

मखाद्य वस्तुओं की महंगाई के बीच अब दालों के दाम में भी तेज उछाल देखने को मिल रहा है। भोपाल के बाजार में तुअर और उड़द दाल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जो तुअर दाल पहले 105 से 110 रुपए किलो बिक रही थी, उसके भाव अब 140 से 145 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं, उड़द दाल की कीमतों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई है। पहले 90 से 100 रुपये किलो मिलने वाली उड़द दाल अब 160 से 170 रुपए किलो तक बिक रही है।

बाजार में बीते सप्ताह से दालों की कीमतों में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। तुअर और उड़द के साथ अन्य दालों के भाव भी बढ़ने की जानकारी सामने आ रही है। कीमतों में इस उछाल से आम उपभोक्ताओं के रसोई बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका है। खासकर उन परिवारों के लिए परेशानी बढ़ सकती है, जिनके भोजन में दाल रोजाना शामिल रहती है।



बाजार के जानकारों के अनुसार, आगामी नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के साथ विवाह के मुहूर्तों के कारण मांग बढ़ने की संभावना है। इसी बीच तेजी की उम्मीद में कारोबारियों और स्टॉकिस्टों की गतिविधियों से बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ने की बात कही जा रही है। हालांकि, दामों में तेजी के पीछे मांग, उपलब्ध स्टॉक और आवक की वास्तविक स्थिति का आकलन भी जरूरी है।

भारत में दालों का आयात 31.52 फीसदी घटा

देश में दालों का उत्पादन बढ़ने के साथ इनके आयात में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में दालों का कुल उत्पादन बढ़कर 274.09 लाख टन पहुंच गया, जबकि 2024-25 में यह 256.83 लाख टन था। सरकार के मुताबिक, दालों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए शुरू किए गए मिशन के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में दालों के आयात का मूल्य 31.52 प्रतिशत घटकर 31,793.59 करोड़ रुपये रह गया, जो 2024-25 में 46,427.60 करोड़ रुपये था। वहीं, दालों के निर्यात में 13.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निर्यात का मूल्य 855 मिलियन डॉलर से बढ़कर 969.53 मिलियन डॉलर हो गया। इस दौरान भारत ने कुल 10.01 लाख टन दालों का निर्यात किया। सरकार ने 11 अक्टूबर 2025 को दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नई योजना की घोषणा की थी। इसके तहत दालों की खेती का रकबा बढ़ाने और पैदावार में सुधार पर जोर दिया गया। वर्ष 2024-25 में दालों की खेती 277.20 लाख हेक्टेयर में हुई थी।

सितंबर में 46-47 रुपए किलो तक आ गई थी कीमत

फिर सटोरियों की गिरफ्त में शक्कर! 5 दिन में ही 8 रुपए किलोग्राम उछले दाम

अब थोक बाजार में 5,500 से 5,600 रुपए क्विंटल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



शक्कर बाजार में एक बार फिर तेजी का दौर शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की सख्ती और स्टॉक सीमा लागू किए जाने के बाद सितंबर में शक्कर के दाम घटकर 46 से 47रुपए किलो तक आ गए थे, लेकिन अब बाजार में तेजी लौटने से आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। बीते पांच दिनों में शक्कर के दाम करीब 8 रुपए किलो तक उछलने की जानकारी सामने आई है। भोपाल के प्रमुख थोक बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में ऊंचे भाव पर सौदे हो रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, स्थानीय थोक बाजार में शक्कर के सौदे 5,500 से 5,600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर किए जा रहे हैं। कीमतों में अचानक आई तेजी का असर फुटकर बाजार पर भी पड़ रहा है। इससे आम उपभोक्ताओं को शक्कर खरीदने के लिए पहले के मुकाबले अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

स्टॉक सीमा, फिर भी बढ़ी शक्कर में महंगाई

सितंबर में सरकार की सख्ती और स्टॉक सीमा लागू होने के बाद शक्कर की कीमतों में नरमी आई थी। उस समय भाव 46 से 47 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, अब बाजार में दोबारा तेजी दिखाई देने लगी है। बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि कीमतों में हालिया उछाल पर निगरानी जरूरी है, ताकि अनावश्यक जमाखोरी और सट्टेबाजी की आशंका पर नियंत्रण रखा जा सके। शक्कर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तु है। चाय, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में इसका नियमित इस्तेमाल होता है। ऐसे में कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से घरेलू बजट प्रभावित होना तय है। त्योहारी मांग के बीच दामों में तेजी उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त परेशानी बन सकती है। अब बाजार की नजर शक्कर की आवक, उपलब्ध स्टॉक और सरकारी निगरानी पर है। आने वाले दिनों में इन कारकों से ही कीमतों की दिशा तय होने की उम्मीद है।

2047 के भोपाल की योजना में और नागरिक सुविधाओं पर ध्यान रखने पर जोर

क्रेडाई भोपाल ने दिया बड़ी परियोजना के लिए 'पहुंच कार्ड' बनाने का सुझाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

न्यू मार्केट की आग ने खोली रास्तों की पोल

मेट्रो के टिकट पर छूट मिल रही है, लेकिन स्टेशन तक पहुंचना आसान है या नहीं? न्यू मार्केट में आग लगी तो दमकल को पहुंचने में 35 मिनट क्यों लगे? पश्चिमी बायपास के लिए जमीन ली जा रही है, तो प्रभावित गांवों और भूमि मालिकों की सुविधाओं का ध्यान कैसे रखा जाएगा?

भोपाल के विकास से जुड़े इन तीन सवालों को उठाते हुए क्रेडाई ने साफ संदेश दिया है कि विकास सिर्फ सड़क बनाने का नाम नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और आसानी से मंजिल तक पहुंचाने की



व्यवस्था का नाम है। क्रेडाई ने कहा कि 11 अक्टूबर से भोपाल मेट्रो के एकतरफा टिकट पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत, वापसी टिकट पर कुल 30 प्रतिशत और समूह टिकट पर 35 प्रतिशत छूट की व्यवस्था घोषित की गई है। दो यात्री भी समूह टिकट का लाभ ले सकेंगे। क्रेडाई का जोर है कि मेट्रो के साथ सहायक बस सेवा, सुरक्षित फुटपाथ और पूरी यात्रा के समय व खर्च पर भी ध्यान दिया जाए।

बीते दिनों न्यू मार्केट में लगी आग में पांच दुकानों को नुकसान पहुंचने और दमकल के मौके पर पहुंचने में 35 मिनट की देरी की जानकारी सामने आई। यह मामला केवल यातायात का नहीं, बल्कि आपातकाल में रास्ता खुला रखने की व्यवस्था का भी है। बाजारों में अतिक्रमण, बेतरतीब पार्किंग, बंद प्रवेश द्वार और निर्माण संबंधी बाधाएं दमकल की राह रोक सकती हैं। इनकी जांच और सुधार को शहर की सुरक्षा योजना का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है। पश्चिमी बायपास के लिए पांच गांवों की हस्ताक्षरित सूचनाओं के मिलान में 53.6450 हेक्टेयर भूमि के प्रस्तावित अर्जन का उल्लेख सामने आया है। वहीं, टीलाखेड़ी के आंकड़ों में दो सरकारी प्रतियों के बीच अंतर बताया गया है। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक के 'कमाल का भोपाल' अभियान में वर्ष 2047 के शहर की योजना के तहत सड़क, आवास, रोजगार, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरण को साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया है। क्रेडाई ने भोपाल महानगरीय क्षेत्र के विश्वस्तरीय विकास के लिए 126 पृष्ठों की रिपोर्ट भोपाल विकास प्राधिकरण और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल को सौंपी।

आयकरदाता संघ का सेमिनारः सीए खंडेलवाल ने दी जीएसटी परिषद के निर्णयों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकरदाता संघ भोपाल द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें इंदौर से आए वक्ता सीए एस. खंडेलवाल ने जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों और उनके संभावित प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।सीए खंडेलवाल ने जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9ए वार्षिक विवरणी भरने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्हें भरते समय किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने व्यापारियों के हित में कई निर्णय लिए हैं। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित विवरणियों में हुई गलतियों को सुधारने के अवसर पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि अक्टूबर की कर विवरणी, जो नवंबर में दाखिल की जाएगी, से संबंधित प्रक्रियाओं और समय-सीमा को समझना जरूरी है। साथ ही, जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9ए भरते समय वित्त वर्ष के आंकड़ों का मिलान, कर भुगतान और विवरणों की शुद्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अशोक पलोड़, सचिव अविनाश पाटीदार, सीए एस. कृष्णन, सीए सुरेश वाधवानी, सीए दीपक बाहेती सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और जीएसटी से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 2247 / खनिज / 2026 दिनांक 07/10/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री लालचंद अमूले पिता श्री यमुना प्रसाद अमूल पता - विलेज खामी बरघाट, सिवनी जिला सिवनी द्वारा उत्खनिपट्टा नवकरण कराने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन नवकरण आवेदन पत्र दिनांक 23 /09 / 2026 को प्रस्तुत किया गया है । प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है ।

आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नं.	रकबा हेक्टर में	भूमि का प्रकार शासकीय / निजी	खनिज का नाम	रिमॉर्क
जबलपुर	जबलपुर	बढैयाखेड़ा	05	3.250	शासकीय भूमि	गिट्टी, बोल्डर, मुरूम, एमसैण्ड	
			कुल रकबा	3.250			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्तियां विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।
2. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आपत्तीयां प्राप्त नहीं होती है तो आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत नवकरण स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
3. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तीयों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

G-19871/26 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। खनि अधिकारी जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

फ्लिपकार्ट मिनट्स के ऑर्डर 3.5 गुना बढ़े

मुंबई। फ्लिपकार्ट की त्योहारी बिक्री 'द बिग बिलियन डेज 2026' को पहले ही घंटे में शानदार प्रतिक्रिया मिली। कंपनी के अनुसार, इस दौरान एक मिनट में 63 लाख ग्राहकों की सक्रियता दर्ज की गई। सामान्य दिनों की तुलना में छह गुना अधिक लोगों ने खरीदारी की, जबकि नए ग्राहकों की संख्या में 34 प्रतिशत वृद्धि हुई। फ्लिपकार्ट मिनट्स पर सामान्य दिनों के मुकाबले ऑर्डर 3.5 गुना बढ़े, जबकि नए ग्राहक 11 गुना अधिक रहे। कंपनी ने दिल्ली में एक ग्राहक तक आईफोन 17 केवल 3.4 मिनट में पहुंचाने का दावा किया।

संपत्ति पर ऋण से पूरे हो सकते हैं बड़े सपने भुगतान क्षमता का आकलन जरूरीः तिवारी

होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन ने बताया संपत्ति बेचे बिना उसकी कीमत के आधार पर जुटाई जा सकती है पूंजी

वित्तीय जरूरतों को पूरा करें

एजेंसी. नई दिल्ली

बदलती जीवनशैली और बढ़ती आकांक्षाओं के बीच बच्चों की उच्च शिक्षा, कारोबार का विस्तार, चिकित्सा खर्च और पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में संपत्ति पर ऋण एक वित्तीय विकल्प बन सकता है। होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन एवं जन अधिकारी आशीष तिवारी के अनुसार, इस माध्यम से लोग अपनी मौजूदा संपत्ति को बेचे बिना उसके मूल्य का उपयोग वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कर सकते हैं।



आशीष तिवारी

तिवारी ने कहा कि मकान या व्यावसायिक संपत्ति केवल रहने अथवा कारोबार करने का स्थान नहीं होती, बल्कि जरूरत पड़ने पर वित्तीय संसाधन जुटाने का माध्यम भी बन सकती है। संपत्ति पर ऋण के तहत आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति ऋणदाता के पास गिरवी रखी जाती है। सामान्यतः संपत्ति का स्वामित्व उधारकर्ता के पास बना रहता है, लेकिन ऋण की शर्तों के अनुसार भुगतान करना आवश्यक होता है।आशीष तिवारी के मुताबिक, संपत्ति पर ऋण का उपयोग बच्चों की उच्च शिक्षा, नया कारोबार शुरू करने, मौजूदा व्यवसाय का विस्तार करने या बड़ी चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इससे व्यक्ति को अपनी दीर्घकालीन बचत या निवेश को तत्काल बेचने से बचने का विकल्प मिल सकता है।

ब्याज दर और कुल लागत समझना जरूरी

तिवारी ने कहा कि संपत्ति पर ऋण लेने से पहले ब्याज दर, ऋण की अवधि, मासिक किस्त और अन्य शुल्कों की तुलना करनी चाहिए। लंबी अवधि में मासिक किस्त कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज का भुगतान बढ़ सकता है। इसलिए केवल कम किस्त देखकर ऋण लेने के बजाय उसकी पूरी लागत को समझना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि कारोबार के लिए ऋण लेने वाले व्यक्ति को संभावित आय और खर्चों का यथार्थ आकलन करना चाहिए, ताकि कारोबार से अपेक्षित आमदनी नहीं होने की स्थिति में भी किस्तों का भुगतान प्रभावित न हो। आशीष तिवारी के अनुसार, संपत्ति पर ऋण लेते समय यह समझना महत्वपूर्ण है कि भुगतान में लगातार चूक होने पर उधारकर्ता की संपत्ति जोखिम में पड़ सकती है। लागू कानून और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऋणदाता गिरवी रखी संपत्ति के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है। इसलिए ऋण लेने से पहले स्थिर आय, नियमित किस्तों और आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था पर विचार करना चाहिए।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक - 1 बालाघाट एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति, जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)
दूरभाष न. कार्यालय 07632-241759 ईमेल - eeresbalaghat@mp.gov.in

क्रमांक 2155 निविदा/नलजल/ग्रायासे/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** बालाघाट दिनांक 05.10.2026

जिला वॉश तकनीकी समिति, जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन संधार एवं प्रबंधन) नियम 2006 की कण्डिका 12 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख-रखाव एवं स्त्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कण्डिका 14 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	जिले का नाम	जनपद पंचायतों की संख्या	सूचीबद्धता शुल्क (रू.)	निविदा दस्तावेज शुल्क (रू.)	सूचीबद्धता की अवधि (माह)	आमंत्रण क्रम
1	बालाघाट	10	50000.00	1000.00	24	द्वितीय

महत्वपूर्ण जानकारी :- 1. निविदा से संबधित सभी दस्तावेज मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से देखे और डाउनलोड किए जा सकते है । 2. निविदा दस्तावेज शुल्क एवं सूचीबद्धता शुल्क मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करनी होगी । 3. निविदा से संबधित बैठक, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथी एवं अन्य जरूरी तिथियों की जानकारी ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखी जा सकती हैं । 4. किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में होने वाली देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा । 5. जिल के प्रत्येक जनपद में अधिकतम 5 निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा । 6. एक निविदाकार को जिले के अधिकतम 2 जनपदों में ही सूचीबद्ध किया जाएगा । 7. जिला पंचायत कार्यालय को किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने तथा आवश्यकता पडने पर पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा । इस संबध में कार्यालय द्वारा कारण बताना आवश्यक नहीं होगा । 8. उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें । निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 12.10.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 21.10.2026 शाम 06.00 बजे तक निर्धारित है । निविदा कवर 'अ' ऑनलाईन ही जमा अपलोड (submit) करने होगें । दस्तावेज एवं वित्तिय बिड दिनांक 23.10.2026 को खोले जायेगे । निविदा से संबधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं । 9. सशोधन संबंधी सभी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी । समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करें वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

(एम.के.एक्का)
कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)

G-19874/26

राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


धनु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

मीन शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

शब्द पहेली - 6375



बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6374 का हल

अ	स	ह	नी	य			क	लि	का	
प	र		ला		सा	ग	र		बु	आ
ह			प	ह	रा		ण			खे
र	स	खा	न			म		क	प	ट
ण		लि		न	भ	च	र		रा	
	आ	स		सी		ल		ग	स्त	
	रा		प	ह	न	ना		रु		ड
श	म	त		त			ता	र	ता	र
य			तै		जा	हि	र			ल
द	म		र	सी	ला		पी		ज	ग
	न	गी	ना			म	न	भ	र	ना

सूडोकु नवताल - 6385

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6384 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

मुंबई। 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात , ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नमः'में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।




हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम पर आधारित है
स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर किताओ सकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स, एंड्रयू कोजी रयू और जेसन मोमोआ ब्लैंका के किरदार में नजर आएंगे।



अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो में रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब फ्लिन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।



अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।



दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नज़र आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।

टीवी मसाला



नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना'कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।

गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।

दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेवबैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में



एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेवबैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही हैं।

मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।



'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।

चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक 'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।



मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें भरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।

शंघाई मास्टर्स : गेआ ने किया उलटफेर, शेल्टन को हराकर चौथे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ शंघाई

फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए।

21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

गेआ ने शुरू में बनाया ब्रेक का मौका

दूसरे सेट में भी ऐसा ही तनावपूर्ण पैटर्न रहा। गेआ ने शुरू में ब्रेक का मौका बनाया, लेकिन बाद में सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने तुरंत शेल्टन की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, जिससे यह पक्का हो गया कि कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका और एक और टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी। अंतिम सेट में गेआ ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दूसरा टाई-ब्रेक 7-3 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की और अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।



जुलाई में जीता था पहला एटीपी टूर टाइटल

यह नतीजा उस सीजन में एक और बड़ी कामयाबी है, जिसमें गेआ ने तेजी से खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है, जिस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जुलाई में लॉस कैबोस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी टूर टाइटल जीता, इससे पहले कि वह लकी लूजर के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड में अचानक पहुंच गए। न्यूयॉर्क में उनका अभियान बोटिक वैन डे जैंडशुल्प के खिलाफ पांच सेट के मुकाबले के बाद खत्म हुआ। जीत के साथ आर्थर गेआ शंघाई मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। वह पहली बार अंतिम 16 में पहुंचे हैं। चौथे राउंड में उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो या चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेन्सिक से होगा।

वुहान ओपन से बाहर हुई नोस्कोवा

वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण 'वुहान ओपन' से हटने की घोषणा की है। चूंकि, विंबलडन चैंपियन नोस्कोवा ने मुकाबलों का शुरुआती शेड्यूल जारी होने से पहले ही नाम वापस ले लिया, इसलिए नंबर 9 सीड बेलिंडा बेनसिक ड्रॉ की लाइन 48 पर नोस्कोवा की जगह लेंगी और उन्हें सीधे दूसरे राउंड में 'बाय' मिलेगा। इसके बाद, सीडेड होने वाली अगली उपलब्ध खिलाड़ी अन्ना कलिनस्काया ड्रॉ में लाइन 9 पर बेनसिक की जगह लेंगी और पहले राउंड में झांग शुआई का सामना करेंगी। कलिनस्काया की मूल जगह पर कल खेल शुरू होने से पहले एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा।



रणजी ट्रॉफी : जायसवाल हुए डक पर आउट, राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन

पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज फ्लॉप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दनि फ्लॉप रहे। मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए।

दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

शमी की शानदार शुरुआत

दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दखिा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ़ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड मैच रद्द

शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई। एसोसिएशन ने 'विनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी' के लिए भी कोई टीम नहीं उतारी थी, जो गुरुवार को भुवनेश्वर में शुरू हुई थी। बीसीसीआई ने अरुणाचल के विरोधी टीम को पहले ही बता दिया है कि जब तक गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर बेंच गुटों के बीच चल रहे विवाद पर कोई फैसला नहीं सुना देती, तब तक



एलीट डिवीजन में 32 टीमें लेंगी हिस्सा

रणजी ट्रॉफी के 92वें सीजन में एलीट डिवीजन में 32 टीमें और प्लेट ग्रुप में छह टीमों समेत कुल 38 टीमें हिस्सा ले रही है। शुरुआती राउंड में देश भर में 19 मैच खेले जाने थे। एलीट लीग की 32 टीमों को आठ-आठ टीमों वाले चार ग्रुप में बांटा गया है। लीग मैच दो राउंड में खेले जाएंगे। पहला राउंड 11 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगा, जबकि दूसरा राउंड जनवरी 2027 में शुरू होगा। नॉकआउट मैच फरवरी में खेले जाएंगे और फाइनल मार्च की शुरुआत में खेला जाएगा। पूरे टूर्नामेंट में कुल 138 मैच खेले जाएंगे।

पहला मैच नहीं खेले गिल

शुभमन गिल रविवार को न्यू चंडीगढ़ में असम के खिलाफ पंजाब के रणजी ट्रॉफी के पहले मैच में नहीं खेले। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घोषित टीम में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान का नाम शामिल नहीं था। हालांकि 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले पंजाब के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ शुभमन के खेलने की संभावना है।

रोहित ने खोला पंजा, झटके 4 विकेट

जम्मू और कश्मीर के लिए खेलते हुए मध्यप्रदेश के खिलाफ तेज गेंदबाज रोहित शर्मा ने कोहराम मचा दिया। रोहित ने पंजा खोला, जिसकी वजह से मध्य प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 196 रनों पर ही समेट दिया। रोहित ने हर्श गावली, हिमांशु मंत्री, डेब्यूटांट चंचल राठौड़, अथर्व महाजन और शुभम शर्मा का विकेट चटकाया। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज की वजह से जम्मू एंड कश्मीर ने मैच में अपना दबदबा बना लिया है। श्रीनगर में खेले जा रहे इस मैच में जम्मू और कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। रोहित ने शुरुआती तीन में से दो विकेट झटककर मध्यप्रदेश को मुश्किल में डाल दिया था। रोहित ने चंचल को आउट किया और इसके कुछ ही देर बाद उन्होंने अथर्व महाजन का विकेट चटकाया। अथर्व के बाद सारांश जैन भी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

उदयवीर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶ काहिरा



उदयवीर सिद्धू ने आईएसएसएफ राइफल/ पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने रजत पदक जीता। इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए। वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे, जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की।

उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने छह सीरीज में 99, 98, 98, 97, 97, 96 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने शीर्ष पर रहे पाओलो के समान अंक जुटाए थे।भारत के अजेंद्र सिंह चौहान (580 अंक) और सरबजोत सिंह (574 अंक) क्वालीफिकेशन में क्रमशः 14वें और 31वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कुमार योगेश ने 573 अंक जुटाए।

खबर संक्षेप

मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



मियामी। अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

मैट रेनशॉ ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड



डरबन। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान किसी एक टेस्ट पारी में निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेनशॉ ने तब क्रीज पर कदम रखा जब ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में था। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों (8 से 11 नंबर) के साथ बल्लेबाजी करते हुए 397 गेंदों पर 190 रन की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनकी इस पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 390 रन बनाए।

यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है।

यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

तेंदुलकर ने किया नियुक्ति का स्वागत : लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ' स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है। आप मैदान पर लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैदान के बाहर आप बच्चों के अधिकारों के लिए बुलंद आवाज बनोगी।'

हर सपना एक अवसर से शुरू: स्मृति

मंधाना ने कहा, 'यूनिसेफ इंडिया में सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि हर सपना एक अवसर से शुरू होता है।'



यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 49 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

भारत-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे अनौपचारिक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हराया। यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह और निशांत सिंधु की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत के लिए हारी हुई बाजी को पलटा।

भारत-ए से मिले 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की पूरी टीम 46.2 ओवर में 226 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जोश फिलिप्स और लियाम स्कॉट ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। स्कॉट 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फिलिप्स 48 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।



भारतीय गेंदबाजों ने की जबरदस्त वापसी

ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय पर 177 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 226 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अगले आखिरी 7 विकेट महज 49 रन जोड़कर गंवाए। यश ठाकुर और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि गुरजपनीत सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट निकाले।

आर्या और प्रभसिमरन ने की 83 रन की साझेदारी

इससे पहले, भारत के पूरी टीम 47.3 ओवर में 275 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत-ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 10.4 ओवर में 83 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने 39 रन बनाए। प्रियांश 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 57 गेंदों में 33 रन बनाकर मिचेल ओवेन का शिकार बने। रजत पाटीदार सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। निशांत सिंधु भी 5 रन ही बना पाए। सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विपराज ने 40 रन और सूर्यांश ने अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से गेंदबाजी में विल सदरलैंड और बेन ड्वार्शुइस सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लियाम स्कॉट ने 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

वनडे सीरीज में कीवी टीम पहनेगी विशेष जर्सी

इंडिया-न्यूजीलैंड की 100 साल की दोस्ती का जश्न

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है।

इस जर्सी को 'कोताहितांगा' नाम दिया गया है, जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिज़ाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

22 अक्टूबर से शुरू होगा न्यूजीलैंड दौरा

भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 4 नवंबर से 5 वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।



थॉमसन, नारंदास और पंचा ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है।

माओरी डिजाइन से मेल खाती मंडला कलाकृति : मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिजाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके।

वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने चुनी दो टीम



वेलिंगटन। फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन और टिम सीफर्ट की न्यूजीलैंड की वनडे टीम में वापसी हुई है जबकि कंधे की चोट से उबरने वाले रचिन रविंद्र को भी 4 नवंबर से भारत के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए टीम ने चुना गया है। वनडे सीरीज के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला के कारण चयनकर्ताओं ने 50 ओवरों के प्रारुप के लिए दो टीम का चयन किया है। टेस्ट श्रृंखला में खेलने वाले विशेषज्ञ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे में नहीं खेलेंगे।

केवल छह खिलाड़ी मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, विल यंग और ब्लेयर टिकनर कोई सभी 5 वनडे मैच के लिए चुना गया है। डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र और नाथन स्मिथ पहले तीन मैचों में ही खेलेंगे। तीसरे वनडे मैच के बाद यह सभी खिलाड़ी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी करेंगे। अंतिम दो वनडे के लिए इनकी जगह पर फिन एलन, क्रिस्टियन क्लार्क, मैट फिशर, लॉकी फर्ग्यूसन, मिच हे, निक केली और सीफर्ट को टीम में चुना गया है।

जबलपुर के गौरी घाट पर दिखी पिता-पुत्री के अटूट प्रेम की मिसाल

बेटी ने तोड़ी रूढ़ियां पिता को दी मुखाग्नि





हरिभूमि जबलपुर।

आमतौर पर कहा जाता है कि बेटा ही वंश को आगे बढ़ाता है और अंतिम संस्कार का हक भी बेटे का ही होता है, लेकिन जबलपुर के गौरी घाट में आज फिर एक बेटी ने इस सोच को हमेशा के लिए बदल दिया। नर्मदा तट स्थित सिद्ध-प्रसिद्ध गौरी घाट में आज एक बेहद भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। यहां पुत्री फेरी द्विवेदी ने अपने पिता स्व. राहुल द्विवेदी निवासी विजडम वैली स्कूल के पास मदन महल को मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। स्वर्गीय द्विवेदी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप नवेरिया व प्रकाश नवेरिया के बहनोई थे।

सफेद वस्त्रों में दाह संस्कार करने अग्नि देने और कंधे पर मिट्टी का कलश लिए जब बेटी ने चिता की परिक्रमा की तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। चेहरे पर पिता को खोने का दर्द और मन में अंतिम कर्तव्य निभाने का साहस दोनों एक साथ देखे जा सकते थे। उसने पूरे विधि-विधान से पिता का अंतिम संस्कार किया। यह केवल एक अंतिम संस्कार नहीं था, बल्कि एक संदेश था - कि बेटी बेटों से कम नहीं। जिस पिता ने उसे जन्म दिया, पाला-पोसा और उंगली पकड़कर चलना सिखाया, उसकी अंतिम यात्रा में भी वही बेटी सहारा बनी।

गौरी घाट पर मौजूद लोगों ने इस साहसी पुत्री के जज्बे को सलाम किया। लोगों का कहना था कि यह दृश्य समाज की बदलती सोच का प्रतीक है। आज बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के बराबर ही नहीं, बल्कि कई बार उनसे आगे बढ़कर अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही हैं। नर्मदा के पवित्र तट पर आज फैरी ने सिर्फ अपने पिता का अंतिम संस्कार नहीं किया, बल्कि यह साबित कर दिया कि रिश्ते लिंग से नहीं, भावना और संस्कारों से बनते हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे।

हाजी बाबा करामत शाह चिश्तिया दरबार में ग्यारहवीं शरीफ़ का आयोजन

अमन-ओ-अमान, भाईचारे और ख़ुशहाली के लिए की गई ख़ुसूसी दुआ, लंगर तकसीम



जबलपुर। दमोह नाका स्थित चेरी ताल, पंजाब बैंक कॉलोनी रोड पर हज़रत हाजी बाबा करामत शाह चिश्तिया दरबार में हज़रत ग़ौस-ए-पाक रहमतुल्लाह अलैह की ग्यारहवीं शरीफ़ का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। कार्यक्रम अतहर अली कादरी उर्फ़ अब्बू बाबा की सरपरस्ती में तथा सुरेश पटेल की निगरानी में संपन्न हुआ। इस मुबारक मौक़े बारगाह में अकीदत के फूल पेश कर अकीदत का नजराना पेश किया गया। मुल्क में अमन-ओ-अमान, ख़ैर-ओ-बरकत, आपसी भाईचारे और तमाम लोगों की सलामती के लिए ख़ुसूसी दुआएँ की गईं। दुआ के बाद जायरीन और अकीदतमंदों के बीच लंगर तकसीम किया गया।

जमादी उल-अव्वल का चाँद आज नज़र आने की उम्मीद



जबलपुर। मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 12 अक्टूबर सोमवार मुताबिक 29 रबी उस-सानी को जमादी उल-अव्वल का चाँद नजर आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240